## एक नजर

### सुशासन तिहार के तीसरे चरण में वार्डों में किया जाएगा समाधान शिविर का आयोजन 7 मई से

**भिलाईनगर,6 मई।** नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा छ0ग0 शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में दिनांक 08 अप्रैल से 11 अप्रैल के मध्य निगम कार्यालय में लगाए गए सुशासन तिहार शिविर में लोगों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों को स्वीकार करने की कार्यवाही की गयी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों में से मांग और शिकायत के विभागवार आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही करते हुए आवेदकों को सूचित किया गया।अब तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों को समाधान शिविरों में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।वार्ड क्रमांक-01 से 06 वार्ड के लिए दिनांक 07-05-2025 को समय 10 बजे से शाम 5.00 बजे तक सामुदायिक भवन उमदा में समाधान शिविर आयोजित किया जायेगा।वही दुसरा समाधान शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक-07 से वार्ड क्रमांक-18 के लिए दिनांक 14-05-2025 को मंगल भवन भिलाई-03 में किया जायेगा। वार्ड क्रमांक-19 से 29 के लिए तीसरा समाधान शिविर सामुदायिक भवन चरौदा में दिनांक 21-05-2025 को आयोजित होगा।तथा चौथा एवं आखिरी समाधान शिविर वार्ड-30 से लेकर वार्ड 40 के लिए दिनांक 28-05-2025 को सामुदायिक भवन सोमनी में आयोजित रहेगा।

### सुशासन तिहार समाधान शिविर में भी दे सकते हैं आवेदन

**भिलाईनगर,6 मई।** सुशासन तिहार में प्राप्त 1683 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। जो शेष है उसे प्रशासनिक अनुमति के लिए भेजा जाएगा। निराकृत आवेदनों के समाधान के पश्चात निगम का दल नोडल अधिकारी आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर किए गए समाधानों कार्यों का निरीक्षण करेंगे, संबंधित व्यक्ति से भी बात करेंगे। । इसी उद्देश्य से समाधान शिविर लगाया जा रहा है। समाधान शिविर में भी यदि कोई नागरिक अन्य कार्य के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे भी स्वीकार किया जायेगा। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन 1 आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जोन 2 ऐशा लहरे, जोन 3 सतीश यादव, जोन 4 अमरनाथ दुबे, जोन 5 कुलदीप गुप्ता रहेंगे। अपने-अपने जोन के समाधान शिविर में रहेंगे। प्रथम शिविर नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 में लगाया जा रहा है। शिविर स्थल दिनांक 06.05.2025 दिन मंगलवार वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी समाधान शिविर आयोजित है। जिसमें कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर, प्रभारी सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा दल के सदस्यों के साथ सामुहिक रूप से उपस्थित रहेंगे। 6 मई के समाधान शिविर में सम्मिलित वार्ड 09 राजीव नगर, वार्ड 10 लक्ष्मी नगर, वार्ड 11 फरीद नगर, वार्ड 12 अवंती बाई कोहका, वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड 17 नेहरू भवन, वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी के नागरिकगण उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते है। दिनांक 09.05.2025 दिन शुक्रवार जोन 01 कार्यालय नेहरू नगर पानी टंकी में सम्मिलित वार्ड 01 जुनवानी, वार्ड 02 स्मृति नगर, वार्ड 03 मॉडल टाउन, वार्ड 04 नेहरू नगर, वार्ड 05 कोसा नगर, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर, वार्ड 07 राधिका नगर, वार्ड 08 कृष्णा नगर के नागरिकगण सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत अपने मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन किए है, उसका समाधान किया जा चुका है। उस संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। आवश्यकतानुसार दुसरा आवेदन भी कर सकते है। शिविर का उद्देश्य है, शासन की जनकल्याणकारी नितीयों एवं किए जा रहे जन उपयोगी कार्यो से लोगो को अवगत कराना। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सके।

### चोरी का मोबाइल बेच रह था,पकड़ा गया



**भिलाईनगर,6 मई।** भिलाई तीन अलग.अलग क्षेत्रों से मोबाइल छिनतई करने वाले एक आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 नग मोबाइल और मोटर साइकिल बरामद किया है वाली वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि तेजप्रकाश साहू ;20 वर्षद्ध निवासी अम्बेडकर चौक नहर पारा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 6 अप्रैल की रात 8ण्30 बजे अपने घर से निकलकर शांति नगर पालीवाल होटल के पास जा रहा था। जाते समय वीवो वाय.20 मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था कि पालीवाल के एक दुकान के आगे पीछे से मोटर साइकिल से दो अज्ञात युवक प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर ने धारा 304ए 3;5द्ध बीएनएसए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाया गया । सूचना मिली कि शांति नगर दशहरा मैदान के पास एक व्यक्ति मोबाईल बेचने के फिराक मे ग्राहक की तलाश कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसका नाम पूछने पर अपना नाम लव कुमार चौबे ;21 वर्षद्ध आर्य नगर हाउसिंग बोर्ड बतायाआरोपी लव कुमार चौबे ने अपने दोस्त मोहन साहू के साथ मिलकर घटना घटित करना स्वीकार किया। आरोपी लव कुमार चौबे ने बताया कि 6 अप्रैल को रात्रि में ही एक मोबाइल ओप्पो कंपनी को अवंति विहार चौक में एक व्यक्ति से तथा एक आईटेल मोबाइल कुरूद रोड में एक व्यक्ति से झपटमारी कर भागना बताया ।

# विष्णु के सुशासन में समस्याओं का हो रहा समाधान सांय सांय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,6 मई।** सुशासन समाधान शिविर का आयोजन ग्राम अण्डा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आपर कलेक्टर जोशना, आई जी राम गोपाल गर्ग, सत्यनारायण राठौड़ आयुक्त, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, आशा विक्की मिश्रा, सरपंच दिग्विजय सिन्हा प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयल उपाध्यक्ष भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया !अतिथियों का स्वागत किया गया सांसद विजय बघेल, ललित चंद्राकर विधायक कलेक्टर ने शिविर का मुयाना किया सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा विष्णु देव साय पर भरोसा कर अपनी शिकायत लेकर आए हैं जब हमारी पूर्व की सरकार में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह हुआं करते थे तब भी ऐसे ही शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण किया जाता था हमारी भाजपा की सरकार और शासन कटिबद्ध है अगर कोई कमी हो तो आप हमें बेहिचक हो कर हमें अपनी जन समस्याओं को कह सकते हैं । ऐसे शिविर के आयोजन होने से पुरा प्रशासन आपके द्वारा आ जाता है विभागों से अपना परिचय होता और अपना परिचय होता है । महतारी वंदन योजना के 256 आवेदन आए हैं सभी पात्र हैं। जनता के मन में भाव रहता है प्राकृतिक प्रकोप से जैसे पांच सौ बिजली पोल गिर गए ऐसे ही बिजली पोल गिर गए हैं। बिजली विभाग के कर्मचारियो को भी डर लगा हुआ रहता है उन्हें भी डर होता है आज की सबसे बड़ी समस्या पानी को लेकर होने वाली है । हम सभी को अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग हर घर में लगाना है आने वाले समय में पानी की विकरल समस्या आने वाली है हमें अभी से पानी को बचाना है बहुत ही उर्जा वान हमारे कलेक्टर दुर्ग जिले में आए हैं मैंने उन्हें त्रुटि सुधार के लिए अलग से शिविर लगाने निर्देशित किया है । इस शिविर में पंचायत एवं ग्रामीणविभाग,वनपर्यावरण विभाग,परीवाहन विभाग राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वारा घरों में बने पकवानों की प्रर्दशनी लागाई उनके हाथों के बारे पकवानों का स्वाद को चखा दाल का बड़ा, चावल आटा के पकवान का सांसद विजय बघेल जी ने और तारीप भी किए आयुर्वेद विभाग चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में अपने सुगर बी पी की जांच भी कराई लोक निर्माण विभाग यांत्रिकी विभाग समाज कल्याण विभाग खाद्य विभाग एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,लोक निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल संसाधन विभाग शिक्षा विभाग कृषि विभाग पशुधन विभाग विधुत उर्जा विभाग मछ्ली आधार कार्ड जिसमें इस शिविर का ग्राम वासियों ने लाभ उठाया।

## शिविर में पांच वार्डों की समस्याओं का समाधान



**जामुल, 6 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिका जामुल के तरूण सांस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड क्र. 01, 02, 03, 04, 06 कुल पांच वार्डों के आवेदकों के समस्या का समाधान किया गया । सुशासन तिहार 2025 के प्रारंभ में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से उनके प्राप्त आवेदन जिसमें मांग एवं शिकायतें थी उसे निराकृत किया गया । नगर पालिका से संबंधित 26 मांग 12 शिकायतें, राजस्व विभाग से 11 मांग, विद्युत विभाग से 03 मांग, स्वास्थ्य विभाग से 01 मांग सहित कुल 53 मांग शिकायत प्राप्त हुआ था । जिसमें जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में निराकृत किया गया । समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, विद्युत विभाग, आयुष विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आधार अपडेशन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे जिसमें 14 आवेदकों के आधार को अपडेट किया गया । 83 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया एवं 52 लोगों को आयुष विभाग द्वारा दवाई का वितरण किया गया । आयोजित शिविर में सफाई की समस्या का तत्काल मौके पर ही समाधान किया गया । समाधान शिविर में 24 नये आवेदन भी प्राप्त हुआ है । समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, नोडल अधिकारी सचिन भागवत सहित समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं आवेदक गण उपस्थित थे । अगला समाधान शिविर रावण भाठा जामुल में 09 मई को आयोजित होगा । जिसमें वार्ड क्र. 07, 09, 05, 10 कें समस्याओं का समाधान किया जायेगा ।

## अपहरण के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया



**भिलाई, 6 मई।** भिलाई अपहरण करने वाले 11 आरोपी कुम्हारी पुलिस के हत्थे चढ़ गए कार को किनारे से निकालते समय अचानक मवेशी कार के सामने आकर टकरा गया। उसी समय मोटर सायकल में दो लड़के आए और गाड़ी रुकवाकर प्राथी से बहस करने लगे। वहीं जबर्दस्ती अपनी मोटर सायकल में बैठाकर ग्राम कपसदा से ग्राम अकोला अपहरण कर ले गए। वहीं 11 आरोपियों को कुम्हारी थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि राजेन्द्र कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 मई को अपने परिवार के साथ पुरानी बस्ती रायपुर स्थित रिश्तेदार के घर गया था। वहां से अपनी कार में अकोला होते हुए वापस अपने गांव कपसदा जा रहा था। ग्राम अकोला रोड में गिट्टी रखा हुआ था, जिससे कार को किनारे से निकालते समय अचानक मवेशी कार के सामने आकर टकरा गया। उसी समय मोटर सायकल में दो लड़के आये और गाड़ी रुकवाकर कहने लगे की गाड़ी ठीक से चलाने नहीं आता। इसके बाद प्रार्थी के कपसदा सत्तु होटल के पास पहुंचने पर बहुत से लोग आकर मारपीट करने लगे। प्रार्थी की पत्नि प्रणीता शर्मा के बाल को पकड़कर खीचने व पुत्री आर्विका अवस्थी के साथ भी मारपीट की कोशिश की जान से मारने की धमकी भी दी आरोपी गौतम सेन और उसके साथी विक्की चक्रधारी और परशुराम साहू जबर्दस्ती अपनी मोटर सायकल में बैठाकर ग्राम कपसदा से ग्राम अकोला अपहरण कर ले गया।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा के उद्देश्यों व कार्यों की विधायक ललित चंद्राकर ने सराहना की



**उतई, 6 मई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मचांदुर मे महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन मे आयोजित राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पं. क्र.1282के नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जी शामिल हुआ महाराणा प्रताप जी के तैल चित्र पर विधिवत् पूजा अर्चना आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया । विधायक महोदय जी का राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा स्मृति चिन्ह व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनिर्वाचित समाज के पदाधिकारियों को नए दायित्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा क्षत्रिय बंधु अपने पूर्वजों की भांति कर्तव्य का पालन कर जनसेवा कर रहे हैं, जो हमारे रक्त की तासीर हैं और वर्तमान समय की मांग भी है। उस मांग को पूरा करने के लिए आप सभी कटिबद्ध है। व्यक्ति की पहचान उसके जीवन से होती हैं। यदि हमारा आचरण श्रेष्ठ होगा तो आने वाली पीढ़ी हमारा अनुसरण करेगी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने इसके साथ ही शादियों में हो रही फिजूल खर्चे को रोककर शिक्षा में खर्च करने की बात कही। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों व कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना कीआगे श्री चंद्राकर ने कहा कि आज का युग शिक्षा का है, इसलिए जागृति आवश्यक है। शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान होना आवश्यक है। बिना व्यवहारिक ज्ञान के व्यक्ति अधूरा है।इस सफ़ल आयोजन के लिए पुनः शुभकामनाएंइस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, उपसिमिती अध्यक्ष सरदचंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, पंकज कुमार भुवाल, नीरज सिंह क्षत्रिय, अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, घनश्याम सिंह चौहान, अजय सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेन्द्र सिंह, अवध सिंह राजपूत, राधेश्याम सिंह बैस, मुकेश बैस, निरंजन सिंह, फलेन्द्र सिंह राजपुत, नितिन सिंह बैस, श्रीमती पुष्पा बैस, कुमकुम बैस, दीप्ती बैस, एवं समाज गंगा के नागरिकगण उपस्थित रहे ।

### जोड़े को आशीर्वाद दिया



**जामुल।** जामुल के वार्ड-7 पार्षद संजय देशलहरे के वैवाहिक कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने नवदम्पति जोड़ी को मङ्गलमय जीवन निर्वाहन के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, वार्ड 14 के पार्षद रामदुलार साहू, दयालु जंघेल, ओमप्रकाश साहू, अरविंद यादव, दीपक दाऊ आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 6 मई।** भिलाई नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। नेवई थाना पुलिस ने आरोपी को कांकेर से धरदबोचा। आरोपी आदित्य प्रताप कुर्रे उर्फ लक्की पिता लव कुमार कुर्रे ( 20 वर्ष ) भर्री पारा सरोना थाना नरहरपुर जिला कांकेर का रहने वाला है। आरोपी को धारा 64, 2 ( एम ) 64, 2 ( एफ ) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया नाबालिग पीड़िता ने अपने मां के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी रिश्ते में मौसी का लड़का आरोपी आदित्य प्रताप कुर्रे नीट की कोचिंग करने कांकेर से रिसाली भिलाई आया था। उस दौरान पारिवारिक होने से पीड़िता के घर आता जाता था। आरोपी ने पीड़िता को विश्वास में लेकर अपने किराये के रूम में ले जाकर बहला फुसला कर बलात्कार किया है। आरोपी ने आपसी बातचीत कर पढ़ाई बर्बाद होने का हवाला देकर माफी मांगते हुए घटना के संबंध में किसी को भी बताने से मना किया। माफी मांगने पर पीड़िता ने घटना के संबंध में किसी को नहीं बताया था। लेकिन फिर एक दिन आरोपी ने पीड़िता को आस पास घुमाने ले जाने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाकर अपने घर कांकेर ले गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। जिसे पीड़िता ने अपनी मां को बताया। जिसके बाद पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि टीम गठित कर आरोपी आदित्य प्रताप कुर्रे को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश प्राप्त होने पर आरोपी के घर पर दबिश दिया गया। लेकिन आरोपी घर से फरार था। इस बीच आरोपी के नीट की परीक्षा दिलाने कांकेर आने की सूचना पर तत्काल टीम रवाना किया गया। आरोपी आदित्य प्रताप कुर्रे को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो अपराध कारित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी से समाधान शिविर का शुभारंभ



**कवर्धा, 6 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन-प्रशासन अब आमजन की चौखट तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्रामवासियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सुशासन तिहार में पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया, जिससे उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सके।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी से समाधान शिविर प्रारंभ किया गया है। चिल्फी क्लस्टर अंतर्गत बोक्करखार, शंभूपीपर, चिल्फी, राजाढार, लूप, शिवानीकला, बहनाखोदरा, मुड़वाही, शीतलपानी एवं झलमला पंचायत के गांव शामिल है। इन गांवों से कुल 1408 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदनों की जांच कर 1397 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी प्रदान की गई और उनके आवेदन की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चिल्फी क्लस्टर के दूर-दराज गांवों के नागरिकों ने राज्य सरकार की इस पहल को खुले दिल से स्वीकार किया और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों ने यह भी साझा किया कि पहले उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबा समय इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सुशासन तिहार से उन्हें तत्काल मदद मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम को एक बड़ी राहत और उनके जीवन में सुधार लाने वाला बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं श्री अजय त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपतिस्थत थे।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समाधान शिविर में ग्रामीणों से आवेदन की स्थिति, समाधान की प्रक्रिया और योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान हो, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण में दिए गए आवेदन की जानकारी अधिकारियों द्वारा आवेदक को दिया गया। इन आवेदनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, मजदूरी भुगतान, वनाधिकार, श्रम कार्ड, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना जैसी कई योजनाओं से जुड़ी आवेदन था। इसके साथ ही शिविर में ही ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को आवेदन दिया। जिसका मौके पर ही प्राथमिकता के आधार पर हल किया और कुछ मामलों को आवश्यक प्रक्रिया के तहत शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य केवल शिकायतों का समाधान करना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के प्रत्येक दूरस्थ गांव तक पहुंचकर शासन की सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर में विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी सराहनीय रही। महिलाओं ने स्वरोजगार, महिला सुरक्षा, पोषण आहार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही, युवाओं ने स्वरोजगार, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। बोडला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे उपस्थित रहे ।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और शासन द्वारा किए जा रहे त्वरित समाधान की सराहना की। सुशासन तिहार के तहत चल रही यह पहल यह सिद्ध कर रही है कि शासन-प्रशासन अब केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सजग और सक्रिय है। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन की इस पहल की सराहना की और ग्रामीणों को आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत, वन विभाग, पुलिस, कृषि, उद्यानिकी, पीएचई, स्वास्थ्य, क्रेडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने तेरहवीं शताब्दी के प्राचीन मंदिर में शिव व हनुमान किए दर्शन

- कवर्धा के फणिनागवंशी राजाओं द्वारा नागर शैली में निर्मित हैं मंदिर
- छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में हैं धर्म और आस्था के प्राचीन चिन्ह



**रायपुर 06 मई।** मुख्यमंत्री ने तेरहवीं शताब्दी के प्राचीन शिव व हनुमान मंदिर के किए दर्शनमुख्यमंत्री ने तेरहवीं शताब्दी के प्राचीन शिव व हनुमान मंदिर के किए दर्शन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के अंतर्गत आज अपने आकस्मिक निरीक्षण के दूसरे दिन बेमेतरा जिले के ग्राम-सहसपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम सहसपुर में 13वीं- 14वीं शताब्दी में निर्मित भगवान शिव व हनुमान के प्राचीन मंदिर के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम-सहसपुर में यह प्राचीन मंदिर कवर्धा के फणिनागवंशी राजाओं द्वारा नागर शैली में निर्मित किया गया था।

गांव के सुरम्य वातावरण में स्थित यह मंदिर इस बात का जीवंत सबूत है की छत्तीसगढ़ की धरती में धर्म और आस्था के बीज बहुत पुराने हैं। ये मंदिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। सोलह स्तम्भों पर टिका शिव मंदिर और आठ स्तम्भों का हनुमान मंदिर बहुत सुंदर प्रतीत होता है।

आज भी इन मंदिरों का पुराना वैभव यथावत है। ये अपने कालखंड की एक निशानी के तौर पर मौजूद हैं और हमारी समृद्ध कला संस्कृति का भी परिचय देते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज अपने आकस्मिक दौरे से छत्तीसगढ़ के गांवों की आस्था के इस ऐतिहासिक पहलू को छुआ है।

## एक नजर

### सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने के कारण दो सचिव निलंबित

**राजनांदगांव 06 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार के कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत बोईरडीह के सचिव राधेलाल ठाकुर एवं ग्राम पंचायत लिटिया के सचिव हुसेन चन्द्रवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सचिवों द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण में रूचि नहीं ली जा रही है। साथ ही उच्च कार्यालय द्वारा संबंधित सचिवों को कार्यायल में दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया जा रहा था। इसके साथ ही मुख्यालय में निवास नहीं करने तथा निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण सचिवों पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### डूबान क्षेत्र के लोगों का हाल जानने पहुंचे कलेक्टर,ग्रामीणों से की रू-ब-रू चर्चा

**धमतरी 06 मई।** धमतरी जिले के अंतिम छोर में बसे गांव के ग्रामीणों का हाल जानने आज कलेक्टर मिश्रा मोंगरागहन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा कर उनकी समस्याओं को करीब से जाना। गांव के सरपंच शैलेष नाग एवं ग्रामीणों ने बताया कि गांव को दूसरे गांवों से जोड़ने वाला एक मात्र पुल पूरी तरह से टूट चुका है, जिसके कारण बारिश के दिनों में गांव का अन्य गांवों से संपर्क टूट जाता है। वहीं बच्चो को स्कूल जाने में भी दिक्कत होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने बारगरी से हल्बा तक जाने वाली सड़क पूरी तरह खराब होने की भी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों ने गांव में जंगली जानवरों के आने की भी बात कही। ग्रामीणां ने यह भी जानकारी दी की गांव में सोरम से बिजली से आती है, जिसके कारण उन्हें कनेक्शन लेने में परेशानी होती है। कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों की बात को संवेदनशीलता के साथ सुना और पुल निर्माण एवं सड़क को बारिश के पूर्व मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव में पेयजल व्यवस्था एवं वाटर लेवल की भी जानकारी ली ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में वाटर लेवल सही है और गांव में पानी की समस्या नहीं है। उन्होने आजीविका हेतु किये जाने वाले कार्य, तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं महुआ बिनाई की भी जानकारी ली।कलेक्टर ने हितग्राहियों को प्रदान किया।

### श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही मती किरण ने जाहिर की खुशी

**राजनांदगांव 06 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के नागरिकों के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हुआ। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने समाधान शिविर में मती किरण रामटेके को श्रमिक कार्ड प्रदान किया। श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही मती किरण रामटेके ने खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन करते हुए श्रमिकों का श्रमिक कार्ड तत्काल प्रदान किया गया। स्टेट स्कूल राजनांदगांव में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमिक हितग्राहियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में श्रमिकों के समस्याओं का समाधान किया गया और श्रम विभाग के विभागीय योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य किया जा रहा है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को

**धमतरी 06 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन आगामी 8 मई को होगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल धमतरी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिक से अधिक लोगों के रक्तदान शिविर में शामिल होकर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने की अपील की है।

# शिक्षा संस्थानों में बढ़ता भ्रष्टाचार शिक्षा विभाग के लिए गंभीर चुनौती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी-धमतरी, 6 मई।** जिले के आदिवासी विकास खंड नगरी में भ्रष्टाचार मूर्त्त और अमूर्त्त दोनों ही रूपों में नज़र आता है। यहाँ भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि शायद ही कोई क्षेत्र इससे बचा हो। सबसे पवित्र माना जानेवाला शिक्षा का क्षेत्र भी भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र बन गया है। शिक्षा के नाम पर जारी इस लूट में केवल शिक्षण संस्थान ही नहीं बल्कि शिक्षा विभाग का हर छोटा बड़ा कर्मचारी / अधिकारी शामिल है। उल्लेखनीय है कि नगरी विकास खंड में बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान के नाम से वर्ष 1961 से संचालित होने वाले इस संस्थान का 2005 में उन्नयन कर जिला प्रशिक्षण संस्थान का दर्जा दिया गया जहां पर हजारों छात्र छात्राएं शिक्षक बनने के लिए डीएड की पढ़ाई पूरी करते हैं। बता दें कि दिनांक 23/03/2025 को डाइट नगरी में पंडित सुंदर लाल शर्मा द्वारा संचालित डी.एल.एड द्वितीय वर्ष के शिक्षको का प्रेक्टिकल परीक्षा आयोजित किया गया था, जहां पर रुपए लेकर नकल करवाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था, समाचार चलने के बाद इस परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है, लेकिन परीक्षा निरस्त करने मात्र से कुछ नहीं होगा बल्कि इस नकल प्रकरण में शामिल दोशी शिक्षक पर बर्खास्तगी की कार्यवाही होनी चाहिए ताकि इस प्रकार घटना की पुनरावृत्ति दूबारा नहीं हो। विगत 20 वर्षों से प्रभारी प्राचार्य और प्रतिनियुक्ति के शिक्षकों के भरोसे यह संस्थान को संचालित किया जा रहा है जो सोचनीय विषय है, शिक्षा के नाम पर राज्य और केंद्र सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है,अब सवाल उठता है कि यहां पर शिक्षकों की कमी की जानकारी उच्च स्तर के अधिकारियों को होने के बाद भी यहां पूरा सेटअप क्यों नहीं है..? बिना अध्यापक के छात्र छात्राओं को कैसे पढ़ा रहे हैं इसे देखने और इसकी जाँच करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के पास समय नहीं है।

# अंजू सिंह ने राज्यस्तरीय पॉवर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता

राजनांदगांव, 6 मई। इंडियन पॉवरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग कॉम्पिटिशन चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक खुर्सीपार, भिलाई में आयोजित किया गया । जिसमे राज्य भर के विभिन्न जिलों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव पुलिस विभाग से श्री राकेश सिंह , सहायक सेनानी ,8 वी वाहिनी तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह , महिला थाना राजनांदगांव के द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न आयु वर्ग/वजन वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर मैडल हासिल किया । महिला प्र आर अंजू सिंह ने स्वयं भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सीनियर तथा मास्टर दोनों वर्गो में गोल्ड मेडल हासिल कर ह्यह्लह्स्थठ्ठद्द 2श्वद्दठ्ठ श्वद्ध ष्द्धड्डह्लह्लद्बह्यद्दड्डह्लद्ध का खिताब भी हासिल किया। सहायक सेनानी श्री राकेश सिंह तथा महिला प्र आर अंजू सिंह विगत 10 वर्षों से इस खेल से जुड़े हुए हैं तथा पुलिस के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्वयं इस खेल का अभ्यास करते हैं साथ ही जिले के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण देते हैं । उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों में से सरिता मंडावी 63द्मद्द वजन समूह में सिल्वर मेडल, रागिनी साहू 76द्मद्द वजन समूह में सिल्वर मेडल, जितेश साहू 66 द्मद्द वजन समूह में गोल्ड मेडल, देवांश 93 वजन समूह में सिल्वर मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया हैं। साथ ही आदित्य साहू ने 74द्मद्द वजन समूह में बेहतर प्रदर्शन किया । इन सभी खिलाड़ियों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री अभिषेक शांडिल्य द्वारा सभी खिलाड़ियों का अपने कार्यालय में सम्मानित किया गया ।

# समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 6 मई।** नगर पंचायत छुरिया के 02 आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 02 सीताबर्डी में ''सुशासन तिहार 2025 '' समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें निकाय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01, 02, 03 एवं 04 के आवेदकगण/हितग्राही शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदनों के निराकरण की वस्तुस्थिति से अवगत हुए एवं निकाय स्तर पर राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर आवेदिका मती पूर्णिमा निषाद वार्ड क्रमांक 01 को प्राथमिकता राशन कार्ड एवं नारायण लाल नांदेश्वर को उनकी पुत्री के विवाह प्रमाण पत्र हेतु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र निकाय के अध्यक्ष अजय पटेल, मती बिन्दू तिरथ साहू, दीपक जगने, अनिल लारोकर पार्षदों, एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी , उपअभियंता की उपस्थिति में प्रदाय किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाकर उपस्थित प्रतिभागियों को पोषण परामर्श दिया गया, सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई माननीय नगर अध्यक्ष अजय पटेल एवं वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद महोदया मती बिन्दु तीरथ साहू के द्वारा किया गया। सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त 02 शिकायतों का निराकरण किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किशोरी गर्भवती, शिशुवती महिलाओं का एचबी जांच कराया गया कुल 26 लोगों का एचबी जांच एवं सीथलीन जांच किया गया। विभागों द्वारा 10 आधार कार्ड बनाया गया, 04 आयुष्मान कार्ड, 04 असंगठित कर्मकार/भवन संन्निर्माण के तहत हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। सुशासन तिहार 2025 के समाधान शिविर में 45 नये आवेदन प्राप्त हुऐ जिनका निराकरण यथाशीघ्र किया जायेगा।

# मवेशी तस्करी,पुलिस ने दो को पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 6 मई।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर मवेशी तस्कर के विरूद्ध कार्यवाही किया गया मुखबीर की सूचना मिला कि राजनांदगांव की ओर से पिकअप वाहन में मवेशियों को बिना चारा पानी के क्रुतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है। ग्राम पाटेकोहरा आर0टी0ओ0 बेरियर के पास नाकाबंदी किया। नाकाबंदी के दौरान राजनांदगांव की ओर से एक पिकअप वाहन आते दिखी जिसे रोककर चेक किया पिकअप का नंबर एम एच 36. ए ए 4271 का था। उक्त पिकअप के अंदर देखे तो भैंस ठुंस कर भरा हुआ था। चारा-पानी का कोई व्यवस्था नहीं था तब चालक को भैंस ले जाने के संबंध में पुछताछ किया जो कोई वैध कागजात का नहीं होना लिखित में दिया एवं मवेशियों को नागपुर महाराष्ट्र कत्ल खाना ले जाना बताया। गवाहों के समक्ष पिकअप वाहन में भरे 02 नग भैंस एवं पिकअप वाहन एम एच 36. ए ए 4271 को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं आरोपीगण चालक रोहित संजय ठवकर पिता संजय ठवकर उम्र 26 साल टवेपार थाना व जिला भण्डारा महाराष्ट्र एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैंठा व्यक्ति का नाम गणेश मयाराम लूटे पिता मयाराम लूटे उम्र 44 साल निवासी टवेपार थाना व जिला भण्डारा महाराष्ट्र वाहन स्वामी के विरूद्ध धारा- 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 , 66/192 एमव्हीएक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया।

# मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को

**राजनांदगांव, 6 मई।** जिला साहू संघ एवं माँ भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव का वृहद स्तर पर मनाया जाना है जिसकी तैयारियों को अंतिम रुप देने जिला साहू संघ एवं मंदिर समिति जोर शोर से जुटे हुए हैं। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को बृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसको लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक के माध्यम से सभी को कार्यभार सोपा जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थिति की अपील की है। साथ ही साथ भानेश्वरी जयंती हेतू संचालन समिति का गठन किया गया जिसमे संयोजक डॉ. नीरेंद्र साहू, अन्य सदस्य भागवत साहू, नीलमणी साहू, नोबल साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू एवं श्रीमती अंजू साहू, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, हसंराज साहू, लक्ष्मण साहू, मंथीर साहू, भुनेश्वर साहू, मिलाप साहू, सभी तहसील अध्यक्ष आज बैठक में इसके अतिरिक्त डॉ. महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, मदन साहू, माधव साहू, चन्दन साहू, ज्ञानचंद साहू, तुलदास साहू, जगमोहन आदि शामिल हुए।



# दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी कल्याण संघ को रमन ने मांग पूरी करने का भरोसा दिया

- उपमुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष से भी की मुलाकात मांग पूरी करने का भरोसा दिया डॉ. रमन ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव, 6 मई।** अनुकंपा नियुक्ति के मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षक कर्मी कल्याण संघ मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सोपा था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह संगठन को उनकी मांग पूरी करने का भरोसा दिया है।

दिवंगत पंचायत शिक्षा कर्मी कल्याण संघ अपने लंबित अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात किया जिस पर डॉ. रमन सिंह विषय की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रदेश के पत्र लिखकर तत्काल अनुकंपा नियुक्ति जैसे संवेदनशील विषय का निराकरण करने हेतु इच्छा जाहिर किया। अनुकंपा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य गण भी मिलकर अपनी व्यथा को बताया और अपात्र हितग्राही जितने भी टेट उत्तीर्ण नहीं है उन्हें तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु आग्रह किया एवं पूर्ववर्ती सरकार में 307 दिनों के हड़ताल में आकर समर्थन किया था एवं भाजपा के दिग्गज नेताओं ने भी आकर हड़ताल में अपना पूर्ण सहयोग मांग हेतु किया था। इन समस्त बातों को याद दिलाकर पूर्व मुख्यमंत्री से निवेदन किया।

जिस पर डॉ. रमन सिंह तत्काल पत्र लिखकर सभी शेष बचे हितग्राहियों को प्रयोगशाला शिक्षक सहायक ग्रेड 3 एवं सहायक ग्रेड 4 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और विधानसभा अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया और कहा कि आप सभी के मांगों पर बहुत जल्द हमारी सरकार निर्णय लेगी। इसी प्रकार अनुकंपा संघ मंत्री टंक राम वर्मा, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भी मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। जिस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा विषय की गंभीरताओं को समझते हुए आपका विषय संवेदनशील विषय है और हमने पूर्व में वादा भी किया है तो हमारी सरकार पर आप लोग भरोसा कीजिए बहुत जल्द आप सभी के प्रति सरकार निर्णय लेगी बोलकर भरोसा दिलाया गया।

मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक से भी सौजन्य मुलाकात कर अनुकंपा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी समस्याओं को बताया जिस पर श्री कौशिक भी शीघ्र निराकरण करवाने की बात कही। इस दौरान अनुकंपा संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौबे प्रदेश मीडिया प्रभारी अमर कुमार गुप्ता, गीता साहू, दीपक पटेल, एवं प्रदेश के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल खुज्जी में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन



- परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, कक्षा 5वीं की जीविका देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**डोंगरगांव, 6 मई।** ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल खुज्जी में दीक्षांत समारोह का आयोजन कर प्राथमिक कक्षा एक से पांचवीं एवं माध्यमिक विभाग के कक्षा 6वीं और 7वीं का परिणाम घोषित किया गया जिसमें बच्चों एवं उनके पालकों सहित स्कूल के सभी शिक्षक शामिल हुए, घोषित परिणाम में कक्षा पहली में प्रथम तन्मय भंडारी, द्वितीय खुशहाली यादव, तृतीय लावण्या साहू, कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान पर शनिष्ठा, द्वितीय दीक्षा साहू ,तृतीय तुषार भंडारी, कक्षा तीसरी में प्रथम काव्य ठाकुर, द्वितीय युक्ति पड़ोती, तृतीय धारणा धनकर, कक्षा चौथी में प्रथम भगवती पड़ोती, द्वितीय समीर साहू ,तृतीय उर्वशी कमरिया रहे, इसी प्रकार कक्षा पांचवी बोर्ड में जीविका देवांगन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा पांचवी में द्वितीय स्थान पर चंद्रेश साहू ने 84, 50त्न अंक प्राप्त किया, और तृतीय स्थान पर भावी पड़ोती ने 82, 50त्न अंक प्राप्त किया , कक्षा छठवीं में प्रथम उमेश पड़ोती द्वितीय इशिका साहू, तृतीय स्थान पर ओसी का साहू रही, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान पर वसुधा निषाद और धर्मेश ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षांत समारोह में स्कूल के प्रधान पाठक सोमनाथ मेश्राम राजू गिरी गोस्वामी, अंकित यादव कुलेश्वरी निषाद सुनीता देवांगन अंजली यादव रीना साहू सुधा देवांगन डिंपल देवांगन आरती साहू सहित स्कूल के समस्त स्टाफ ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### मां कर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं मां कर्मा महोत्सव कार्यक्रम 12 मई को



**छुरिया, 6 मई।** ब्लाक के शमीपत ग्राम भोलापुर में 12 मई 2025 दिन सोमवार को मां कर्मा मंदिर उद्घाटन, मां कर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं मां कर्मा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर एवं ग्रामीण साहू समाज भोलापुर के संयुक्त तत्वाधान में रखा गया है । जिसमें आप सभी सामाजिक बंधुगण अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे । दिनांक 11मई 2025 रविवार को साम 4ः00 बजे से शोभा यात्रा ग्रामीण साहू समाज मां कर्मा भवन भोलापुर से गली भ्रमण करते हुए मां कर्मा परीक्षेत्रीय भवन । दिनांक 12 मई 2025 सोमवार सुबह 9ः00 बजे से मां कर्मा मूर्ति स्थापना प्रारंभ होगी एवं शाम 4ः00 बजे से अतिथियों का आगमन एवं स्वागत कार्यक्रम होना है । विशेष अतिथि - भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव ,नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव, कमलकिशोर साहू संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव , मती छन्नी चंदू साहू पूर्व विधायक खुज्जी ,मती किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनादगांव , मती गीता घासी साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनंदगांव , भुनेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया , ज्ञानचंद साहू सचिव तहसील साहू संघ छुरिया , संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, चुरामन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समिति छुरिया, भारत साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समिति गेंदाटोला, बालकिशन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समिति कल्लूबंजारी ,श्यामसुंदर साहू अध्यक्ष प्रक्षेत्र साहू समिति झितराटोला ,नलेंद्र साहू काय. अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समिति बेलरगोंदी ,चंद्रप्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य किरगाहाटोला ,मती चमेलीबाई बाई ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर ,मोहितराम सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर, हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर उपस्थित रहेंगे । शीशपाल कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर, तेजालाल साहू सचिव परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर ,जनकलाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज भोलापुर , पुहूपदास साहू सचिव ग्रामीण साहू समाज भोलापुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### बच्चों ने किया अपने शिक्षकों का सम्मान



**राजनांदगांव , 6 मई।** अपनी शिक्षा पूरी कर घर - परिवार बसा चुके 2004 - 05 शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान के लिए ÷ रियूनियन ÷ प्रोग्राम का शानदार आयोजन किया । 4 मई को स्थानीय एबिस ग्रीन होटल में संध्या 6 बजे से रात 11 बजे तक बच्चों ने अपने स्कूली समय को याद किया और उस वक्त की बाल सुलभ शैतानियों के साथ खूब मजे किए। कौन कहता है कि पढ़ने - लिखने के बाद बच्चे अपनी जवाबदारी में पड़ने के बाद अपने गुरुओं को भूल जाते हैं ? इसे पूरी तरह गलत सिद्ध करते हुए वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल , राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने एक रियूनियन प्रोग्राम का आयोजन कर पुराने दिनों को याद किया । उस वक्त उनकी बदमाशी को सुधारने की समझाइश देने वाले शिक्षकों के मार्गदर्शन को उन्होंने उनके जीवन को सहीं दिशा देने वाला अनुशासन बताया । शाम 6 बजे अपने शिक्षकों का उत्साह पूर्वक अभिनंदन करने के उपरांत उन्होंने उनके आशीर्वचन को भी बड़ी गंभीरता के साथ सुना । परिचय के दौर में हर विद्यार्थी ने अपने संघर्ष से लेकर वर्तमान सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचने की कहानी भी बखूबी बताई । लगभग 60 की संख्या में पधारे विद्यार्थियों में युवक / युवतियों की झलक के साथ कर्तव्यनिष्ठ माता - पिता को पाकर शिक्षकों ने भी खुद को गौरवान्वित महसूस किया। अपने शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों ने जहां डिनर की व्यवस्था की वहीं सभी शिक्षकों को यादगार उपहार भी प्रदान किए । अंत में उनके एक निवेदन पर कार्यक्रम में पधारे शिक्षकों का धन्यवाद किया गया।

### सुशासन तिहार शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें: अविनाश

**राजनांदगांव 06 मई।** जिले के प्रभारी सचिव एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग, आयुक्त भू-अभिलेख श्री अविनाश चम्पावत ने आज सुशासन तिहार 2025 के संबंध में कलेक्टारेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री वायपी सिंह उपस्थित रहे। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लोककल्याण के लिए शासन द्वारा कार्य किए जा रहे हैं और उनमें समय के साथ-साथ परिवर्तन आए हैं। जनसामान्य की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में लगाए जाने वाले शिविर में जनसामान्य को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत क्लेम के संबंध में जानकारी ली और उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ जनसामान्य को मिलना चाहिए।

## संपादकीय

# दुनिया का कोई देश नहीं बचा सकता

भारत पाक के बीच तनाव नहीं बहुत तनाव की स्थिति है।इस स्थिति के लिए कोई जिम्मेदार है तो वह पाकिस्तान जिम्मेदार है क्योंकि पहलगाम में आतंकवादियों की हमला उसी के पाले पोसे संगठन के आतंकवादियों ने किया। यह सोचकर किया कि वह हिंदुओं की पहचान कर हत्या करेंगे तो कश्मीर के साथ पूरे हिंदुस्तान में दंगा फैल जाएगा, हिंसा की आग भड़क जाएगी लेकिन कश्मीर व भारत के मुसलमान समझ गए कि पाकिस्तान क्या चाहता है और उन्होंने बहुत समझदारी की परिचय दिया और पाकिस्तान साजिश को शांत रहकर, पाकिस्तान की आलोचना कर फेल कर दिया है। इस बार पाकिस्तान ने आतंकवादियों के हमले से एक तरह से शांत रहने वाले भारत को चुनौती दी है कि वह आतंकवाद के खिलाफ कुछ कर सकता है तो कर के दिखाए। भारत ने आतंकवादियों की यह चुनौती स्वीकार की है और अब वह आतंकवाद के खिलाफ ऐसा कदम उठाने जा रहा है जिससे भविष्य में कोई भी आतंकवादी संगठन भारत में कोई वारदात करने से पहले सौ बार सोचेगा और आतंकवादियों को शह देने वालों के खिलाफ भी भारत इस बार ऐसी कार्रवाई करेगा कि वह सोचेंगे कि हमने आतंकवादियों को शह देकर बड़ी गलती की थी। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। यह शुरुआती छोटे छोटे कदम हैं लेकिन इसका पाकिस्तान पर तत्काल असर नहीं दिखेगा लेकिन भविष्य में इसका असर दिखेगा तो पाकिस्तान सरकार को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत का सिंधु जलसंधि स्थगित करना हो, वाघा बार्डर बंद करना हो, पाकिस्तान नागरिकों को जाने को कहना हो, पाकिस्तान से अपने राजनयिक वापस बुलाना हो, पाकिस्तान के राजनयिकों को वापस जाने को कहा हो। इसका नुकसान पाकिस्तान जनता को होगा क्योंकि भारत पाकिस्तान के बीच कितना भी तनाव रहा है लेकिन भारत ने वहां के लोगों को इलाज के लिए भारत आने नहीं रोका था, घूमने आनेवालों को नहीं रोका था। अब भारत पाकिस्तान नागरिकों के भारत आने पर रोक लगा दी है तो इसके लिए पाकिस्तान सरकार दोषी है, लोगों को गुस्सा आएगा तो पाकिस्तान सरकार पर आएगा कि वह भारत में आतंकवादी भेजकर हमला करवाता है और उसका खामियाजा पाकिस्तान के लोगों को भुगतना पड़ता है। अभी तो भारत ने पानी रोकना शुरू किया है, आने वाले दिनों में जब पानी ज्यादा रोकेगा तो पाकिस्तान में पानी की कमी से लोगों को जो परेशानी होगी, उसका परिणाम क्या होगा. यह पाकिस्तान की सरकार अंदाजा नहीं लगा पा रही है।अभी भारत ने जम्मू के रामबन में चिनाव नदी पर बने बगलिहार बांध से पानी का प्रवाह रोक दिया है। साथ ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध पर भी ऐसा की कदम उठाने की तैयारी है। आने वाले समय में भारत जब पाकिस्तान का पानी बिना सूचना दिए रोकेगा और छोड़ेगा तो पाकिस्तान में बाढ़ के साथ ही सूखे की समस्या से जनता को बड़ी परेशानी होने वाली है और पाक जनता को मालूम है कि यह परेशानी पाकिस्तान की सरकार की गलती के कारण है। इससे आने वाले दिनों में पाकिस्तानी जनता का गुस्सा सरकार के खिलाफ किसी न किसी रूप में सामने आएगा ही। पाकिस्तान ने सोचा था कि वह आंतकवादियों के हाथों हिंदुओं को मरवाकर भारत मे दंगा हिंसा फैला देगा लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका है, भारत इसके जवाब में जो कुछ कर रहा है उससे जरूर पाकिस्तान की जनता को पानी,बिजली व सूखा की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा पाकिस्तान के व्यापार को प्रभावित करने के लिए भारत ने रणनीतिक कदमों के तहत पाकिस्तान से हर तरह का आयात बंद कर दियाहै। पाकिस्तान से हर तरह के डाक व पार्सल पर रोक लगा दी है, पाकिस्तान के जहाजों के भारतीय बंदरगाह पर आने पर रोक लगा दी गई है। इससे पाकिस्तान का भारत सहित दूसरे देशों से व्यापार प्रभावित होगा। पाकिस्तान में व्यापार प्रभावित होने का परिणाम यह होगा कि पाकिस्तान में पहले से मौजूद महंगाई और बढ़ेगी तथा पाकिस्तान की जनता को हर सामान और महंगा मिलेगा। इससे भी पाकिस्तान की जनता का गुस्सा सरकार व सेना के खिलाफ बढ़ेगा। भारत की नीति वर्तमान में पाकिस्तान की जनता में वहां की सरकार व सेना के खिलाफ गुस्सा बढ़ाने की है। आर्थिक रूप से कमजोर करते जाने की है। इतना कमजोर कर देने की है कि वह भारत से युध्द करना चाहे तो भी कर न सके। युध्द करे तो ज्यादा नुकसान उसे हो और वह और कमजोर हो जाए। पाकिस्तान में जनता गरीबी,महंगाई, पानी,बिजली की कमी से सरकार के खिलाफ बगावत कर दे। भारत की कोशिश है कि पाकिस्तान को विश्व में अकेला कर देना व बिना युध्द लड़े कमजोर करना और वह इसमें काफी हद तक सफल रहा है। भारत ने पूरी दुनिया में अभियान चलाकर साबित किया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता और दूसरे देशों में शांति भंग करता है। इससे वह देश जो कभी पाकिस्तान के दोस्त हुआ करते थे अब उसके दोस्त नहीं रह गए हैं पाकिस्तान की किसी तरह से मदद नहीं कर रहे हैं, पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण ग्रे सूची में डाल दिया गया था, उससे वह हाल ही में निकला है, भारत पर आतंकवादी हमले के बाद उसको फिर से ग्रे सूची में डाला जा सकता है, इससे पाकिस्तान की मुश्किले और बढ़ सकती है क्योकि उसकी खराब आर्थिक हालत के चलते कोई देश कोई संस्था उसको कर्ज नहीं दे रही है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक हालत बद से बदतर होती जा रही है।भारत पर आतंकवादियों के हमले के बाद पाकिस्तान डरा हुआ है और दुनिया से पाकिस्तान को बचाने की गुहार संयुक्त राष्ट्र में लगा रहा है।पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिार अहमद ने कहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान काइनेटिक एक्शन के खतरे का सामना करना रहा है।ऐसे में दुनिया को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस मामले में सक्रिय भूमिका निबाहनी चाहिए।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरस से भारत व पाकिस्तान का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। पाकिस्तान ने कई देशों ने भारत पाक तनाव कम करने के लिए कहा है लेकिन किसी ने उसीकी बात पर कोई जवाब नहीं दिया है सब जानते हैं कि भारत में पाकिस्तान ही आतंकवादियों को भेजकर बेगुनाह लोगों की हत्या करवाता है। ताकि दुनिया को दिखाया जा सके कि कश्मीर में हालत सामान्य नहीं है। इस बार फिर उसने यही किया लेकिन इस बार उसको इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा,वह जानता है इसलिए वह क्षेत्र की शांति के नाम पर कई देशों से मदद की गुहार कर रहा है लेकिन सब जानते हैं कि पाकिस्तान ही क्षेत्र में शांति नहीं चाहता है, इसलि कोई भी देश उसके साथ खड़ा होने को तैयार नहीं है, सब देश भारत के साथ है और उन्होंने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने को भारत का अधिकार माना है और उसका समर्थन किया है। यही वजह है कि भारत इस बार पाकिस्तान कड़ा सबक देने की तैयारी कर रहा है और कभी भी सबक सिखा सकता है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती


# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी

**ललित गर्ग**

भारत का राष्ट्र-गान जन गण मन और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान आमार सोनार बांङ्ला के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की



जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगद्दष्टा, युगस्त्रष्टा एवं युग-निमार्ता माना जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, ह्रदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी। रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुईं थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रूवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं। गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता



को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था।

टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु, अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी। टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वद्दष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है। शुद्ध तर्क और शुद्ध भौतिकवाद उतने ही विनाशकारी हैं, जितने कि विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत मोक्ष की खोज। टैगोर ने विज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की खोज करते हुए शब्दों और कर्मों में शाश्वत ज्ञान और कालातीत मूल्यों को व्यक्त किया। टैगोर का विश्वद्दष्टि तर्क और धर्म, आत्मा और पदार्थ की एकता को देखना और उन्हें एक साथ नृत्य करने देना है। यह एक बड़ी द्दष्टि है जहाँ विज्ञान आध्यात्मिकता का पूरक है, कला पारिस्थितिकी का पूरक है और स्वतंत्रता समानता का पूरक है। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हमें नस्ल, रंग, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा और राष्ट्र की अपनी क्षुद्र पहचान से ऊपर उठने और अपनी सामान्य मानवता के साथ पहचान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मानवता की एकता और स्वतंत्रता, न्याय और शांति के सर्वोपरि महत्व की घोषणा करते हुए अमेरिका से रूस, चीन से अर्जेंटीना तक समूचे विश्व की अथक यात्रा की। उन्होंने अपने लाखों देशवासियों को अपने संकीर्ण स्वार्थ को त्यागने और राष्ट्रीयता, समानता, एकजुटता और नैतिकता को अपनाने के लिए अपने जातिगत पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्म-भोग को त्याग दिया और सामाजिक विभाजन को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के बीच की खाई को भरने की कोशिश की। रबीन्द्रनाथ टैगोर प्रेरणाएं इतनी विविधमुखी थी कि उनसे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। चाहे वह आपसी संबंध हो, सामाजिक संबंध हो, आर्थिक संबंध हो या राजनीतिक संबंध हो- हर तरह के जीवन को उन्होंने प्रेरक बनाने का उपक्रम किया। वे कभी घटना से, कभी शब्दों से, कभी क्रिया से, कभी पत्रों से, तो कभी किसी उदाहरण या संस्मरण से व्यक्ति की चेतना को झकझोर कर आदर्श और ज्ञान के प्रति अनुराग और जोश जगाते थे। वे इस कला में निष्णात थे कि कब किसको किन शब्दों में उचित प्रेरणा दी जाए।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको कोई बड़ी राहत मिलेगी। आपको कला और कौशल से कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको संतान के करियर को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने व्यवसाय को लेकर योजना बनाकर चले, तो ही बेहतर रहेगा। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आध्यात्म के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय व्यतीत करेंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपको बेवजह की बातों को लेकर मन में टेंशन रहेगी, जिससे आपको दूर करने की आवश्यकता है। आपका अपनी संतान को किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आप धन को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी आसानी से पूरे होंगे और आप अपनी व्यवसाय में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड ना रहें। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी। पारिवारिक समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपको टेंशन दे सकती हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने के बारे में किसी एक्सपर्ट से राय ले सकते हैं। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से आपका मन खुश रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी किसी बात को लेकर अपने भाइयों से खटपट होने की संभावना है। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हे कोई अच्छा लाभ मिल सकता है।

**कन्या** आज का दिन आर्थिक द्दष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको किसी कार्य में समस्या आएगी, जिसे आपको पूरा करने में अपने जूनियर से मदद लेनी होगी। आप अपने कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ नए लोगों से पार्टनरशिप कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी से बातचीत करते समय कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए धैर्य और समझदारी दिखाते हुए कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में यदि कुछ कठिनाइयां आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या हो, तो उसको आप छोटा ना समझें और आपकी लोगों से खूब पटेगी। आपको अपने कामों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह सुलझती दिख रही हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और माताजी को आप कहीं धार्मिक यात्रा पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। दोस्तों के साथ किसी बात को लेकर टेंशन हो सकती हैं। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपसी संबंध बेहतर रहेंगे। किसी सरकारी मामले में आपको लापरवाही करने से बचना होगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। भाई-बहन आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

**धनु** आज का दिन आपको खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके खर्च बेवजह बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपका कोई दोस्त आपसे लंबे समय बाद मिलने के लिए आ सकता है। आप यदि किसी काम को करने में जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें आपसी कलह बड़ी हो सकती है। आप अपने घर की रंगाई-पुताई आदि की योजना पर भी आप अच्छा खासा धन खर्च कर सकते हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई ऐसी बात सुनने को मिल सकती है, जो आपको समस्या देगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और अपने गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभालकर रखें, क्योंकि उनके खोने या चोरी होने की संभावना बनती दिख रही है। जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपका कोई संपत्ति को लेकर वाद-विवाद खड़ा हो सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपको कुछ उलझनें बनी रहेंगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपका किसी बात को लेकर यदि मन परेशान था, तो वह भी आपकी समस्या माता जी की मदद से दूर होती दिख रही है। आप किसी से धन को लेकर कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। संतान को पढ़ाई-लिखाई में कोई समस्या आने से आपका मन परेशान रहेगा।

**मीन** सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की लोकप्रियता बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि होगी। बॉस कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा, जिससे आप किसी काम को आसानी से कर सकेंगे। आपका कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरा होने की संभावना है। आप अपने किसी काम को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी पूरा हो सकता है।

गंभीर समस्या

# आतंकवाद पर बड़ा प्रहार

**संजीव ठाकुर**

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और



गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है,भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा,फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है। भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक



विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

व्यंग्य

# तकनीक की जय हो!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

गुप्ता जी को एक क्रांतिकारी विचार आया। दुनिया तेजी से बदल रही थी, लेकिन वे महसूस कर



रहे थे कि इंसान की नैतिकता उतनी ही तेजी से ढलान पर है। उन्होंने सोचा, जब लोग सच बोलकर शर्मिंदा होते हैं और झूठ बोलकर गर्व महसूस करते हैं, तो क्यों न एक ऐसी मशीन बनाई जाए जो केवल झूठ ही पकड़ सके?

गुप्ता जी वैज्ञानिक नहीं थे, लेकिन उन्होंने एक नई मशीन बनाने की ठानी। उन्होंने अपने पड़ोसी वर्मा जी की मदद ली, जो इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा किए हुए थे और कभी-कभी घर की ट्यूब लाइट ठीक करने में भी असफल रहते थे। दोनों ने मिलकर सत्य-परीक्षक यंत्र नामक एक यंत्र तैयार किया, जो बोलने वाले के शब्दों को पकड़कर यह तय करता कि वह झूठ बोल रहा है या सच।




पहला परीक्षण गुप्ता जी ने अपनी पत्नी पर किया। उन्होंने पूछा, तुम मुझसे कितना प्यार करती हो? मशीन से तुरंत आवाज आई–झूठ! झूठ! झूठ! गुप्ता जी हतप्रभ रह गए। पत्नी ने घूरकर देखा, जैसे कह रही हो, अब सोफे पर सोने की तैयारी कर लो। लेकिन वे विज्ञान की महान उपलब्धि के नशे में थे, इसलिए उन्होंने परवाह नहीं की। अब यह मशीन समाज में सुधार लाने के लिए इस्तेमाल होनी थी। सबसे पहला प्रयोग हुआ शहर के सबसे ईमानदार नेता पर। मंच पर खड़े होकर नेता जी बोले, हम जनता के सेवक हैं, हमने हमेशा देशहित में काम किया है। मशीन चीखने लगी–झूठ! झूठ! घोर झूठ! सभा में सन्नाटा छा गया। भीड़ को पहली बार लगा कि शायद यह मशीन उनकी ज़िंदगी बर्बाद कर सकती है। नेता जी ने तुरंत इसे राष्ट्रविरोधी घोषित कर दिया और गुप्ता जी की गिरफ्तारी की माँग करने लगे। अब अगला परीक्षण सरकारी दफ्तर में होना था। गुप्ता जी और वर्मा जी पहुंचे और एक बाबू से बोले, सर, यह सत्य-परीक्षक मशीन आपके विभाग के लिए बनाई गई है। यह रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रखेगी। बाबू जी ने पहले हँसी उड़ाई, फिर गुस्से से बोले, हमारे ऑफिस में सब ईमानदारी से काम करते हैं। मशीन तुरंत बोल पड़ी–झूठ! घोटाला! रिश्वत! बाबू जी का चेहरा ऐसा हो गया जैसे उन्होंने एक साथ चार नींबू चूस लिए हों। उन्होंने घूरकर देखा और तुरंत चपरासी को बुलाया, इन दोनों को बाहर निकालो और मशीन को जब्त कर लो। गुप्ता जी को समझ आ गया कि मशीन के लिए यहाँ कोई भविष्य नहीं है।

अब यह मशीन कोर्ट में ले जाई गई, जहाँ न्यायाधीश महोदय एक जटिल मामले की सुनवाई कर रहे थे। वकील साहब बोले, मेरा मुवक्किल निर्दोष है, उसने कुछ नहीं किया। मशीन फिर गरजी–झूठ! झूठ! सबूत मिटाए गए हैं! कोर्ट में हंगामा मच गया। जज साहब को पहली बार एहसास हुआ कि इस मशीन का अस्तित्व ही उनकी कुर्सी के लिए खतरा है। उन्होंने तुरंत आदेश दिया कि यह मशीन संविधान-विरोधी है और इसका इस्तेमाल अवैध घोषित किया जाए। अब गुप्ता जी को समझ में आ गया कि सत्य को साबित करना इस दुनिया में सबसे मुश्किल काम है। मशीन को बेचने का कोई विकल्प नहीं था, इसलिए उन्होंने इसे अपने घर में रख लिया। लेकिन दिक्कत यह हुई कि अब वे अपने घर में भी झूठ नहीं बोल सकते थे। एक दिन पत्नी ने पूछा, बोलो, मेरी बनाई सब्जी कैसी लगी? गुप्ता जी ने डरते-डरते कहा, बहुत स्वादिष्ट है। मशीन चिल्लाई–झूठ! झूठ! झूठ! अब पत्नी ने बेलन उठाया और गुप्ता जी को मारने दौड़ी। वर्मा जी ने चुपचाप मशीन उठाई और बालकनी से नीचे फेंक दी। मशीन धड़ाम से गिरी और टूट गई। गुप्ता जी राहत की साँस लेते हुए बोले, तकनीक की जय हो! अब दुनिया में फिर से झूठ का राज कायम रहेगा।

**एक नजर**

## नाईकगुड़ापारा में गंगादई माता मंदिर का लोकार्पण विधायक लखेश्वर बघेल ने किया



**जगदलपुर, 6 मई।** बस्तर नगर पंचायत अंतर्गत नाईकगुड़ा पारा स्थित गंगादई माता मंदिर में बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के विकास कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और धार्मिक आयोजन में सहभागिता जताईबस्तर नगर पंचायत के नाईकगुड़ा पारा स्थित गंगादई माता मंदिर का भव्य लोकार्पण समारोह बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहेबस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा की मंदिर का लोकार्पण धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक एकता का प्रतीक हैं इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के विकास और परंपराओं को संजोने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। इस दौरान मौजूद रहे मंदिर प्रमुख पुजारी जोधपुर राम, फ़तेहसिंह परिहार,, देवकी भद्रे, चंपा ठाकुर, गोपाल तिवारी, नरसिंह नागेश, भागरथी यादव, जितेंद्र पटेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, मेघनाथ नेताम, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 7 मई को

**जगदलपुर, 6 मई ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 7 मई 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से सांयकाल 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी सेक्टर के दो नियोजकों के कुल 14 पदों पर भर्ती किया जाएगा, जिसके तहत सिविल इंजीनियर एवं डिप्लोमा सिविल इंजीनियर के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा, ऑउट रीच वर्कर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण तथा राज मिस्त्री हेतु राज मिस्त्री प्रशिक्षित इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर आड़ावाल में समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां एक-सेट छायाप्रतियां एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। इन सभी पदों के लिए कार्यक्षेत्र जगदलपुर निर्धारित है।

# पिछले तीन वर्षों से पुलिया निर्माण में ठेकेदार कर रहा है लापरवाही ,हादसे की आशंका

**विश्वजीत सरकार**



**बचेली, 6 अप्रैल।** लौहनगरी बचेली में निर्माणाधीन पुलिया के बाई ओर निकाल कर छोड़ी गई लोहे की सरिया किसी बड़ी दुर्घटना की कर रहा इंतजार जो कि ठेकेदार मेसर्स एन.सी.नहर कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही को स्पस्ट उजागर कर रहीं हैइस लापरवाही को देखने के बावजूद भी शासन प्रशासन हैं मौन...माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा जिले की लौहनगरी बचेली लौह अयस्क आयरन ओर माइंस के नाम से विस्व विख्यात एवं प्रसिद्ध हैं।जहाँ नवरत्न कंपनी एनएमडीसी की कई प्रोजेक्ट स्थापित कर केन्द्र सरकार के अधीन लौह अयस्क की अंधाधुंध खनन की जा रही हैं। हाला की जिसके बदले में क्षेत्र के विकास के लिए दंतेवाड़ा जिला सहित राज्य व केंद्र सरकार को भी करोड़ों की राजस्व का भुगतान भी किया जा रहा है

जिसके बावजूद बचेली के पुराना मार्केट में स्थित पुलिया व सड़क की स्थिति ईतनी दैनीय हैं। जो कि क्षेत्रीय विकास का पोल खोल कर रख दि हैं। बैलाडीला बचेली से होकर जिला मुख्याल दंतेवाड़ा को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग में स्थित यह पुल वर्षों से अपनी विकास की राह देख रही है अनुमानित 40 वर्ष पहले बनी यह पुल इतनी जर्जर हो गई है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क, जो कि तय करने में भी मुश्किल हो रही है।अब देखना है की बचेली वासियो को यह निर्माणधिन पुल से आवगमन करने का सौभाग्य और कितने वर्षो बाद प्राप्त होगा।

# सांसद के पत्र और जनता के 40 लाख आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ तो फिर कहां है सुशासन?

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 6 मई ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन तिहार ढकोसला है, जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पत्र लिखे हैं और सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से सम्बंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। फिर कहां है सुशासन? ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है, परिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए सुशासन है कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार जोरों पर है। कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भाजपा के बिचौलिया न हो। डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है, भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है।

# 98 आवेदनों को किया निराकरण

**किरन्दुल, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण समाधान शिविर 05 से 31मई के अंतर्गत नगर पालिका बड़े बचेली मे आज दिनांक 05.05.2025 को वार्ड 01 गोंडवाना भवन मे वार्ड 01,02,03 मे प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया वार्ड 01,02,03 मे 98 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमे 98 आवेदन का निराकरण किया गया जिसमे नवीन राशन कार्ड, पेंशन, आधार अपडेट, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, गुमास्ता लाइसेंस आदि वितरित किया गया जिसमे कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण शामिल रहे कार्यक्रम मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रसन्न, गोदभराई का कार्यक्रम भी किया गया ।कार्यक्रम मे राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, विधुत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास विभाग एवं अन्य विभाग अपना अपना स्टॉल लगाया एवं योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम मे अध्यक्ष नगर पालिका श्री राजू जायसवाल उपाध्यक्ष श्री सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद श्री सलीम रजा उस्मानी, पार्षद श्री धंसिंग नाग, पार्षद श्री विजय भोगामी, पार्षद श्रीमती झीलकी नाग, पार्षद श्री रघुनाथ मरकाम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी. टी. एम. कृष्णा राव उप अभियंता श्री संतोष नेगी एवं पालिका कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।



# जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार का स्कैम नहीं हुआ है: एसआर नेताम

**बीजापुर, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बीजापुर श्री एसआर नेताम ने बताया कि जिला बीजापुर में जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है तथा विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के योजनाओं में स्वीकृत कार्य पूर्ण किया जा कर गाईड लाईन के अनुसार न्यूनतम 03 माह तक योजना से सफल संधारण संचालन उपरान्त विभाग एवं ग्राम पंचायत द्वारा जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करने के उपरान्त योजना के कार्य से संतुष्ट होने पर ग्रामसभा आयोजन कर उपस्थित सभी ग्रामीणों को दिये गये घरेलू नल कनेक्शन में प्रतिदिन पेयजल उपलब्धता ग्रामीणों द्वारा प्रमाणीकरण होने के पश्चात् ही ग्राम पंचायत द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया जाता है। तत् पश्चात् ग्राम पंचायत द्वारा पूर्णतः संतुष्टि प्रदान होने पर योजना हस्तांतरण किया जाता है। इसी प्रकरण ग्राम मेटूपल्ली में 03 नग जीआई स्ट्रक्चर से 93 परिवारों को, ग्राम कोंगूपल्ली में 04 नग जीआई स्ट्रक्चर से 113 परिवारों को एवं ग्राम पेगडापल्ली बासागुड़ा में 05 नग जीआई स्ट्रक्चर से 150 परिवारों को 10 हजार लीटर क्षमता के टंकियों से विद्युत आधारित योजना पूर्ण कर हर-घर जल प्रमाणीकरण उपरान्त योजना 28 सितम्बर 2024 ग्राम पंचायत पामगल, 17 दिसम्बर 2023 ग्राम पंचायत मिनकापल्ली एवं 02 अप्रैल 2024 ग्राम पंचायत पेगड़ापल्ली को हस्तांतरित किया गया। पिछले विगत 01 वर्षों से संबंधित पंचायत द्वारा योजना का संधारण संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के गाईड लाईन अनुसार कार्य एवं पूरी औपचारिकता पूर्ण करते हुए ग्राम पंचायत को हस्तांतरण किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार का स्कैम नहीं हुआ है वर्तमान में ग्रामीणों को पेयजल प्रदाय नहीं होने का कारण केवल पंचायत द्वारा सुचारू रूप से योजना का संधारण संचालन नहीं किया जा रहा है। जिस हेतु सुचारू रूप से योजना संचालन एवं संधारण हेतु ग्राम पंचायत को पत्र जारी किया गया है।



# बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में वर्दीधारी महिला माओवादी का शव रायफल समेत बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 6 मई ।** अब तक इस अभियान के दौरान विगत 12 दिनों से कुल 04 नक्सलियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गया हैं द्य विगत कई दिनों से लगातार जारी इस महत्वपूर्ण अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों पर विचार करने के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई वरिष्ठ स्तर के माओवादी कैडर या तो मारे गए हैं अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद, सुरक्षा बल वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। अभियान में अब तक सैकड़ों नक्सली ठिकाने और बंकर नष्ट किए गए।जिला बीजापुर के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत जंगल में माओवादियों के उपस्थिति की आसूचना पर DRG/STF/CoBRA/CRPF की संयुक्त टीम सुरक्षा बल द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं ।

अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के साथ दिनांक 05/05/2025 को हुए मुठभेड़ में 01 वर्दीधारी महिला माओवादी शव रायफल समेत बरामद हुए है ।मुठभेड़ स्थल से मिले निशान से और भी माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है ।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ तेलंगाना अंतरराज्यीय सीमा के जिला बीजापुर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों में अब तक विभिन्न मुठभेड़ों के बाद 04 माओवादियों के शव और अनेक हथियार बरामद । विगत कुछ दिनों से लगातार जारी इस महत्वपूर्ण अभियान में अब तक सैकड़ों नक्सली ठिकाने और बंकर नष्ट किए गए।अभियान के दौरान विभिन्न नक्सली ठिकानों और बंकरों से हजारों किलोग्राम विस्फोटक सामग्री/ राशन सामग्री/दवाएं दैनिक उपयोग की वस्तुएं और डेटोनेटर भी बरामद किए गए। वर्तमान में चल रहे इस नक्सल विरोधी अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों पर विचार करने के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई वरिष्ठ स्तर के माओवादी कैडर या तो मारे गए हैं अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हालांकि, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सुरक्षा बल सभी घायल अथवा मारे गए नक्सलियों के शव बरामद नहीं कर पाए। अब तक इस अभियान के दौरान कुल 04 नक्सलियों के शव बरामद किए जा सके हैं – जिनमें से 0× शव 24 अप्रैल को तथा 01 शव 05 मई को मिले। विगत कुछ दिनों के अभियान के दौरान विभिन्न आईईडी विस्फोटों में हमारे कुछ कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी के जवान घायल हुए। हालांकि सभी घायल जवान अब खतरे से बाहर हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद, सुरक्षा बल वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 04 महीने में कुल 129 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इ'छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात DRG/STF/CoBRA/CRPF/BSF/ITBP/CAF/ Bastar Fighters & अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

# जहां विनती कर लोगों को बसाया गया था, वहां से अब अधिकारी हटाना चाहते हैं:बबलू सिद्दीकी उपाध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल, 6 मई।** दंतेवाड़ा 1958 में जब बैलाडीला की लौह अयस्क की खदानो में काम भी चालू नहीं हो पाया था और यहां पर सिर्फ इस बात का सर्वे किया जा रहा था कि कहां पर मायनिंग होगा कहां क्रेशर होगा कहां लोडिंग प्लांट होगा. यह 1958 का मामला है एनएमडीसी के अधिकारी यहां पर आकर सर्वे कर रहे थे और साथ में रशिया और जापान की कुछ टीम जो बुलाई गई थी जो उक्त मामले मे गहन अध्ययन कर रही थी कि कहां पर क्या चीज होना चाहिए तो सबसे पुराना प्रोजेक्ट है वह है डिपॉजिट 14

रूस और जापान से आई टीम और एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा यह निर्धारित किया गया की सबसे पहले 14 नंबर डिपाजीट को प्रारम्भ किया जाये.उसके उपरान्त 1962 में बहुत तेजी से कार्य होते गया एवं बहुत तेजी से कार्य होने के बाद 1962 में सारे कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया और 64 से प्रोडक्शन चालू हो गया इस प्रोजेक्ट में तब एनएमडीसी और रेलवे के अधिकारीयों ने किरंदुल की वस्तुस्तिथि को ध्यान मे रखते हुए हुए व्यापारियों से अनुनय विनय करते हुए और हर प्रकार का सहयोग का वादा करते हुए व्यापारियों के लिए एक जगह का निर्धारण किया गया जो आज नगर के विकास के साथ साथ नगर का ह्रदय स्थल भी है.अधिकारी भी उस समय अनुनय विनय करते थे करते थे कि आप यहां पर अपना व्यापार करिये हम आपको हर प्रकार का सहयोग देंगे आपको एक निश्चित जगह दिया जाएगा और आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा आप किसी भी स्थिति में यहां से न जाए यदि आपको कोई भी तकलीफ होगी तो एनएमडीसी और रेलवे के अधिकारी आपको पूरी मदद करेंगे लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जैसा कि कहा जाता कि मानव स्वार्थ से भरा हुआ है तो केवल मानव ही स्वार्थ से नहीं भरा बल्कि सरकारी विभाग के अधिकारी भी स्वार्थी है इससे दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण और कोई दूसरा नहीं हो सकता कि जिनके पूर्वजों को उन्होंने विनती विनय करके बसाया था किरंदुल मे एक जगह उनका निर्धारण कीया गया था और हर प्रकार का सहयोग किया था उनका उनका घर एवं दुकान बनाने के लिए सीट और टिन को भी उपलब्ध कराया गया था उनसे विनती किया जाता था कि आप लोग वापस न जाए यदि कोई तकलीफ है तो हमको बताएं हम उसका निराकरण करेंगे आज वही डिपार्टमेंट वहीं संस्था रेलवे और एनएमडीसी के अधिकारी इन सब व्यापारियों को वहां से भगाना चाहती है उजाड़ना चाहती है और उसके लिए लगातार अथक प्रयास कर रहे है सरकारी विभाग रेलवे और एनएमडीसी के अधिकारी जो व्यापारियों को विनती करके लाए थे ।

# भाजपा सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही: विक्रम मंडावी



**बीजापुर, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला मुख्यालय में मंगलवार को विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस वार्ता में राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों की खुलेआम लूट मचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, बस्तर के लोहा, टिन, जल, जंगल, जमीन और अब कोरंडम जैसे बेशकीमती संसाधनों को अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करने का घिनौना खेल शुरू हो गया है।

विक्रम मंडावी ने बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम कुचनूर में स्थित कोरंडम खदान को लेकर सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने कहा कि यह खदान वर्षों से बंद थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही इसे अपने चहेते उद्योगपतियों को सौंपने की साजिश रच डाली। हाल के दिनों में कुचनूर कोरंडम खदान में गुपचुप तरीके से जंगल की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है, जो इस लूट का स्पष्ट प्रमाण है।

भाजपा सरकार से कड़े सवाल-विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए निम्नलिखित सवाल दागे

1. कोरंडम खदान को चोरी-छिपे शुरू करने की साजिश क्यों रची जा रही है? 2. कुचनूर कोरंडम खदान का ठेका किसे सौंपा गया है?3. खदान में अवैध रूप से काम कौन कर रहा है? 4. क्या पर्यावरण और वन विभाग से खदान शुरू करने की अनुमति ली गई है?5. हजारों पेड़ों की कटाई की इजाजत किसने दी?6. इस लूट में भाजपा नेताओं की क्या भूमिका है?7. बीजापुर के किस भाजपा नेता के इशारे पर जंगल साफ किया जा रहा है?8. रायपुर के कैलाश चंद्र अग्रवाल कौन हैं और उनका भाजपा से क्या रिश्ता है?9. स्थानीय प्रशासन को इस लूट की जानकारी क्यों नहीं दी गई? 3 )वर्षो से बंद पड़े कोरंडम खदान को पुनः प्रारम्भ करने के पीछे की मंशा क्या है?10. अब इस कोरंडम खदान को किसके द्वारा पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है। इसकी एजेंसी कौन है?11. यदि इस कोरंडम खदान का निजीकरण किया जा रहा है तो इसकी प्रक्रिया क्या होगी?

## कलेक्टर ने सभी शिविरों का अवलोकन कर आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# समाधान शिविर के पहले दिन लोगों में दिखा भारी उत्साह



**बीजापुर 6 मई।** आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यो में तेजी लाने और जनता जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार पूरे प्रदेश में आज से सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर प्रारंभ हुआ।

इसी कड़ी में बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नैमेड़ में आयोजित शिविर में सम्मिलित गांव नैमेड़, एरमनार, पेद्दाकोड़ेपाल, कैका, कडेर, दुगोली, मुसालूर, तुमनार एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुटरू में कुटरू, अडावली, अम्बेली, मंगापेठा, दरभा, पेठा, उसकापटनम, करकेली, दर्रागुवाली के हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए उत्साहित होकर पहुंचे।शहरी क्षेत्र में नगरपालिका बीजापुर अन्र्तगत प्राथमिक शाला भवन परिसर जेलबाड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहीद बुधराम राना वार्ड, पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं बीजा हल्बा नगर वार्ड के आम नागरिक शामिल होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुऐ।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिविरों में पहुंचकर शिविर का अवलोकन किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या एवं मांगो से अवगत होकर आवेदनों का निराकरण त्वरित करने के निर्देश दिए सभी आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी शिविर के माध्यम से कराने को कहा, जन्म प्रमाण पत्र, आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड सहित समस्त विभागों के विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने को कहा। कलेक्टर ने कुटरू शिविर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री के प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्कूली बच्चों से आवश्यक चर्चा किए एवं उनका उत्साहवर्धन भी किया।शासकीय योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थानीय बोली के माध्यम से दी गई- कुटरू एवं नैमेड़ शिविर में अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराने एवं योजनाओं से जुड़ने के लिए स्थानीय गोण्डी बोली के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सौर सुजला, उज्जवला, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा, जन्म प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, श्रमिक पंजीयन, राजस्व विभाग अन्तर्गत फौती नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, किसान किताब, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित सभी प्रकार के योजनाओं की जानकारी एवं पात्रता के मापदंड बताया गया और पात्र हितग्राही को मौके पर आवेदन उपलब्ध कराया गया।

### समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित

8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से किए गए आवेदनों का निराकरण करते हुए विभिन्न मांगो के हितग्राहियों को समाधान शिविर के माध्यम से सामग्री वितरण किया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण में पाण्डुराम ताती को बैटरी चलित ट्रायसायकल, श्री अनुरंजन एक्का को ट्रायसायकल मिथलेश लेकाम को श्रवण यंत्र, संतोष पसपुल को एमआर कीट सुरेश जव्वा को व्हील चेयर, दिया गया वहीं राजस्व विभाग अन्तर्गत छन्नु तेलम सहित अन्य हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका मुसा/बुधरू कुड़ियम, आयतू तेलम, लखमी कुड़ियम, को कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण कार्ड सहित अन्य हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एवं उद्यानिकी, क्रेडा, मछली पालन, पशु पालन, चिकित्सा सेवाएं ग्रामीण विकास एवं अन्य विभागों के द्वारा मांग के अनुरूप उनके समस्याओं को निराकरण करते हुए लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सदस्य, नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद एवं सरपंच सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने लाभान्वित लोगों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।सेक्टर नैमेड़ अन्तर्गत सभी विभागो को मांग एवं शिकायत के कुल 889 आवेदन प्राप्त हुऐ थे जिसमें 888 मांग एवं 01 आवेदन शिकायत के थे जिसे समाधान शिविर में निराकृत किया गया। वहीं समाधान शिविर के दिन 259 आवेदन और प्राप्त हुए हैं।सेक्टर कुटरू में मांग और शिकायत के कुल 953 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 892 आवेदनों का निराकरण किया गया जिसमें शिकायत संबंधी 01 आवेदन भी निराकृत हुए वहीं शेष 60 आवेदन का निराकरण की कार्यवाही जारी है।नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 हेतु आयोजित समाधान शिविर में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें 04 आवेदनों का निराकरण किया गया एवं शेष 38 आवेदनों की निराकरण की कार्यवाही जारी है।

**एक नजर**

### उचित मूल्य दुकान देवगांव के नवीन संचालन के लिए 14 मई तक आवेदन

**रायगढ़, 6 मई।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान देवगांव आईडी क्रमांक 412007051 के नवीन संचालन हेतु 14 मई 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक संस्था समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित दुकान संचालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.)घरघोड़ा जिला-रायगढ़ में जमा कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।एसडीएम कार्यालय घरघोड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत देवगांव तहसील तमनार रायगढ़ में शासकीय उचित मूल्य दुकान देवगांव का दुकान निरस्त होने के कारण उक्त दुकान वर्तमान में महलोई में संलग्न है। जिसके तहत देवगांव के दुकान को नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। दुकान संचालन हेतु इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वृहदाकार आदि जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), अन्य सहकारी समिति, ग्राम पंचायत, वन सुरक्षा समिति से आवेदन मंगाए गए है।

### डेंगू नियंत्रण के संबध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**रायगढ़, 6 मई।** आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत द्वारा डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु एडवायजरी जारी करते हुए उसके लक्षण एवं रोकथाम व उपाय के संबंध में जानकारी दी गई।

डेंगु के लक्षण-अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार मांसपेशियों तथा जोड़ो में दर्द होना, आँखो के पीछे दर्द होना, जो कि आँखो को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना।रोकथाम व बचाव के उपाय-एडीज मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते हैं। कूलर, पानी की टंकी,पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन ,फ्रिज की ट्रे, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टावरों में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली/परदे लगाये, फूल आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें।

### पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 8 मई को

**रायगढ़, 6 मई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 8 मई 2025 को पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा मोबा.नं.97103-26488 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक, रा.गां.शिक्षा मिशन रायगढ़ मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### समाधान शिविरों से ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ, हो रहे सपने साकार



**महासमुंद 6 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी पहल संवाद से समाधान तक के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक महासमुंद जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कर लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुँचाना है। इस पहल के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर, जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पहले दिन महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बिरकोनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हितग्राहियों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका और अभिनंदन प्रमाणपत्र वितरित किए गए।समाधान शिविर के दौरान शासन की अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता श्रेणी राशन कार्ड योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। ग्राम बिरकोनी की अहिल्याबाई को अंत्योदय राशन कार्ड सौंपा गया। राशन कार्ड प्राप्त करने पर अहिल्याबाई ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है।

### समाधान शिविर में 12 श्रमिकों का पंजीयन हितग्राहियों को वितरित किए गए श्रम कार्ड

**महासमुंद,6 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतिम व तृतीय चरण अंतर्गत आज महासमुंद जिले के विभिन्न विकासखण्डों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिरकोनी, नगर पंचायत तुमगांव, बागबाहरा के ग्राम पंचायत कोमाखान तथा पिथौरा के ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित किया गया। इस शिविर में श्रम विभाग द्वारा पंजीयन/नवीनीकरण एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम नागरिकों एवं हितग्राहियों को दी गई। शिविर में कुल श्रमिक पंजीयन हेतु 12 नये आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्राम पंचायत बिरकोनी से 08, नगर पंचायत तुमगांव से 01, ग्राम पंचायत कोमाखान से 02 एवं ग्राम पंचायत गोपालपुर से 01 आवेदन शामिल हैं।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, श्रम विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी आवेदकों का पंजीयन कर, श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र उन्हें शिविर स्थल पर ही जनप्रतिनिधियों के करकमलों से प्रदान किया गया। श्रम कार्ड प्राप्त कर हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे शिक्षा सहायता, विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता आदि का लाभ लेने में सुविधा होगी।

# समाधान शिविर में अनेक लोगों को मिली राहत तो अनेक निराश वापस लौटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 6 मई।** सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में आयोजित जिले का दुसरा समाधान शिविर ग्राम अमलीपदर सहित आसपास के 10 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। अमलीपदर कलस्टर में सुशासन तिहार के दौरान लगभग 2 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका निर्धारित समय पर निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले में समाधान शिविर का आगाज आज मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर से किया गया। आज आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बनाए गए चार हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसायकल एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के सदस्य सजयँ नेताम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के आयोजन की अभिनव पहल बतलाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम अमलीपदर में आयोजित जिले के दुसरे समाधान शिविर में आम जनों की उपस्थिति काफी कम रही आयोजक लगातार ग्रामीणों को पंडाल में बुलेट रहे किंतु धूप व तेंदूपत्ता सीजन के चलते लोगों की उपस्थिति काफी कम रही उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ-साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री उइके ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। श्री उइके ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने अमलीपदर में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आम जनता की उपस्थिति की सराहना भी की।कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित विभाग के स्टॉलों में पहुँचकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर उइके ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम श्रीमती नेहा सिंघल, जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी जी.आर.मरकाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशासन तौहार में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की साथ इस अवसर पर यह भी कहा कि अनेक समस्याएं आज भी यथावत है सुशासन तौहार में अगर उन समस्याओं का समाधान हो जाता तो एक उपलब्धि हो सकती थी इस विषय को कलेक्टर से विशेष ध्यान देने का आग्रह भी किया गया किया।

## बिरहोर बस्ती में मूलभूत सुविधाएं करें तत्काल सुनिश्चित:कलेक्टर



**रायगढ़, 6 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी धरमजयगढ़ के विभिन्न निर्माण कार्यो के साथ ही पूर्ण किए जा चुके कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी छाल-धरमजयगढ़ के निर्माणाधीन सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदारों को निर्देशित किया कि बारिश पूर्व सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सड़क निर्माण को तीव्र गति के करने के निर्देश दिए। इस दौरान वह धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत जबगा के आश्रित ग्राम बलपेदा स्थित बिरहोर बस्ती के जनमन आवास का अवलोकन किया। मौके पर उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने बिरहोर बस्ती में बाउण्ड्रीवाल, नाली, सीसी रोड, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाएं तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बिरहोर बस्ती बरपाली में जनमन योजना के तहत बने रोड का अवलोकन किया। उन्होंने रोड़ मार्किंग कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी आदिम जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं के लिए खेल मैदान एवं सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं मेनू में शामिल डाइट चार्ट अनुसार भोजन प्रदाय के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने निर्माणाधीन ओबीसी बालक छात्रवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को बारिश से पूर्व फर्स्ट फ्लोर के ढ़लाई के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम, एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री गणेश शर्मा, आरईएस सब इंजीनियर श्री रामकृष्ण पटेल, श्री समीर विश्वाल, ईई पीएमजीएसवाय श्री पंकज राठौर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आम बागवानी पहुंचे कलेक्टर, हितग्राही ने कहा शासन की योजना से हुए लाभान्वित

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत गेरसा स्थित आम बागवानी के प्लांटेशन कार्यों को देखने पहुंचे। इस दौरान हितग्राही सिदार सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत एक हेक्टेयर में लगभग 110 नग अच्छे वेरायटी के आम एवं अमरूद के पौधे लगाए गए है। वर्तमान में पौधों के अंतराल में मूंगफल्ली के दो फसल ले चुके है, जिससे अच्छी आमदनी हुई है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कृषक से रासायनिक खाद का कम एवं जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु कहा।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक विक्रम मंडावी को सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों ने बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी को एक ज्ञापन सौंपा है। संग्राहकों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि पूर्व में तेंदूपत्ता संग्रहण के अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए भिन्न भिन्न राशि मिला करता था लेकिन सरकार ने अब इस राशि में कई गुना कटौती कर दिया है।

मांग पत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों ने प्रति मानक बोरा 7000/- किए जाने, फड़ सफ़ाई 7500/- करने, जमीन टैक्स 700/- करने, प्रति मानक गड्डी लाइनिंग 35/- करने, फाड़मुंशी प्रति मानक बोरा कमीशन 100/- करने, वाचर प्रति मानक बोरा कमीशन 75/- करने, उल्टाई पल्टाई प्रति मानक बोरा 85/- करने, झटकाई प्रति मानक बोरा 85/- करने, चक्री प्रति मानक बोरा 85/- करने, बोरा भर्ती प्रति मानक बोरा 195/- करने, छेली / डिग्री प्रति मानक बोरा 15/- करने, दुर्घटना का 300000/- करने, मृत्यु होने पर 500000/- करने, तेंदूपत्ता परिवहन प्रति की.मी. 25/- करने, सड़क सफाई प्रति व्यक्ति रोजी 550/- करने, संग्राहकों को तेंदूपत्ता का नगद भुगतान करने, फड़मुंशियों को यथावत रखने, तेंदूपत्ता संग्रहण की रिपोर्ट बिक्री के दूसरे दिन करने और प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रत्येक फड़ में एक वाचर रखने जैसे 19 मांगे विधायक विक्रम मंडावी को सौंपे गए ज्ञापन में शामिल है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि तेंदूपत्ता हितग्राहियों की मांगे जायज है, भाजपा सरकार जानबूझकर तेंदूपत्ता कटाई करने से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बीजापुर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में ऐसी स्थिति पैदा हो रही है तो यह दुखद है सरकार जल्द से जल्द तेंदूपत्ता संग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके मांगों के अनुरूप निराकरण करे ताकि तेंदूपत्ता हितग्राहियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान नरगो वेंडज़ा, मंगरू उद्दे, कोरके वाचम, नगाडू यादव, गणेश पोयाम, बुधराम कोवासी, लखमू पोयाम, मुन्ना वेंड्ज़ा, पोधाय लेकाम, बिछेम कुडियम, पोरिया कुरसम, मोहन मिच्चा, भीमा राम मुचाकी, बुधु वेंडजा, सन्नू मज्जी, महेश कुरसम, पाण्डु राम मिच्चा, राजू राम वेंड्ज़ा, ब्रिज सेठिया, गुड्डा कुरसम, लच्छू कुंजाम, अखिल माडवी, राजेश कुमार तेलाम, रमेश ताती, सुखराम तामो और सुरेश वाचम सहित बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता हितग्राही मौजूद रहे।

## जल एवं भूमि संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूकता शिविर 7 से 21 मई तक



**रायगढ़, 6 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले के 7 विकासखण्डों में जल शक्ति अभियान %जल संकल्प रायगढ़' अंतर्गत जल एवं भूमि संरक्षण व संवर्धन के विषय पर जागरूकता हेतु 7 से 21 मई 2025 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जल प्रहरी (वाटर हीरो) श्री नीरज वानखड़े की उपस्थिति में 15 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और जनसामाय की भागीदारी से जल संरक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने हेतु जोर दिया जाएगा। अभियान में वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### यहां आयोजित होंगे शिविर

7 मई को विकासखण्ड खरसिया ग्राम पंचायत बोतल्दा के सुशासन तिहार स्थल में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 8 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत गोपालपुर के पंचायत भवन के पास, 9 मई को खरसिया के सरवानी में सुशासन तिहार शिविर स्थल, 10 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत तरकेला के शासकीय हाई स्कूल मैदान, 11 मई को विकासखण्ड रायगढ़ ग्राम पंचायत जुर्डा के माध्यमिक स्कूल मैदान, 12 मई को विकासखण्ड तमनार पंचायत भवन के पास, 13 मई को विकासखण्ड तमनार ग्राम पंचायत देवगढ़ के पंचायत भवन के पास, 14 मई को विकासखण्ड तमनार ग्राम पंचायत महलोई के पंचायत भवन के पास, 15 मई को विकासखण्ड धरमजयगढ़ ग्राम पंचायत खडग़ांव के सुशासन तिहार शिविर स्थल, 16 मई को विकासखण्ड लैलूंगा ग्राम पंचायत केशला के सुशासन तिहार शिविर स्थल, 17 मई को विकासखण्ड लैलूंगा ग्राम-पंचायत मुकडेगा के पंचायत भवन के पास, 18 मई को विकासखण्ड घरघोड़ा ग्राम पंचायत टेरम/बरौनाकुण्डा के पंचायत भवन के पास, 19 मई को विकासखण्ड पुसौर के कोलतापारा (नगर पंचायत)कोलतापारा सामुदायिक भवन, 20 मई को विकासखण्ड पुसौर के ग्राम पंचायत नंदेली के पंचायत भवन के पास एवं 21 मई को विकासखण्ड पुसौर के ग्राम पंचायत बड़े हरदी के पंचायत भवन के पास शिविर का आयोजन होगा। उक्त सभी शिविर प्रात॰ 10 बजे से प्रारंभ होगा।

### एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र की दिशा में एक निर्णायक कदम: अशवंत

**महासमुंद, 6 मई ।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू कहा कि बार-बार के चुनाव से देश का विकास और जनकल्याण की योजनाएं बाधित होती हैं. विगत 30 सालों से देखें तो कोई ऐसा वर्ष नहीं रहा जिसमें किसी एक राज्य का चुनाव संपन्न नहीं हुआ हो. अनियंत्रित तरीके से होने वाले यह चुनाव देश की प्रगति में स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं. हमें एक साथ चुनाव की प्रक्रिया अपनाकर, ऐसे गतिरोधकों को उखाड़ना है. इस सुधार को अपनाकर, देश के राजनीतिक एजेंडा में बड़ा बदलाव आएगा. क्योंकि चुनाव, विकास के मुद्दे पर होंगे और पांच साल में एक बार चुनाव होने से राजनेताओं की जवाबदेही बढ़ेगी. यह कोई नया विचार नहीं है बल्कि 1952 से लेकर 1967 तक चार चुनाव देश में इसी प्रक्रिया से संपन्न हुए हैं. सरकार की ओर से तैयार इस विधेयक के सभी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था।

## सुशासन तिहार शिविर में गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन



**बीजापुर, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका बीजापुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत नैमेड में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई तथा छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार बीजापुर के जेलबाड़ा स्कूल के शिविर नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।शिविर में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जनसमुदाय को योजनाओं के प्रति जागरूक किया और उपस्थित नागरिकों से संवाद कर समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।नगर पालिका अध्यक्ष ने भी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए।साथ ही, बाल विवाह की रोकथाम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए सभी को शपथ भी दिलाई गई। शिविर में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना और प्रशासन की जवाबदेही को सुनिश्चित करना रहा। शिविर के माध्यम से शासन-प्रशासन द्वारा समाधान और सेवा की अवधारणा को ग्रामीण अंचल तक प्रभावी रूप से पहुँचाया गया।

### पंप से अवैध पानी खिंचने और जल का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी

**बीजापुर, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलो द्वारा ग्रीष्म ऋतु में जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की सतत् व्यवस्था बनाये रखने के लिय ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि ग्रामों में पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित हैण्डपंप में बिना अनुमति के ग्रामीणों द्वारा सिंगल फेस पावर पंप या टुल्लू पंप स्थापित कर पेयजल का दुरूपयोग व अन्य कार्यों में उपयोग किया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण कर हर-घर जल प्रमाणीकरण ग्रामों में पेयजल हर घर उपलब्ध होने पर भी अवैध तरीके से पंप स्थापित कर ग्रामीणों द्वारा पेयजल का दुरुपयोग कर रहे है। ऐसा सभी अवैध स्थापित पंपों को विभाग द्वारा जब्ती कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण में12 स्थानों पर किया गया समाधान शिविर का आयोजन

■ लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया तमनार में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

■ समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी



**रायगढ़, 6 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में संवाद से समाधान की पहल के रूप में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज तीसरे चरण में जिले के 12 स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

लोक सभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया सुशासन तिहार अंतर्गत तमनार में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। उन्होंने विभागीय स्टालों को अवलोकन करते हुए उपस्थित जनसामान्य से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। आयोजित शिविरों में विभागीय अधिकारियों ने अपने विभागों के प्राप्त आवेदनों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मौके पर नए आवेदन भी लेकर यथा संभव मौके पर निराकरण का प्रयास भी किया गया। इस दौरान समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आवेदन देकर उनका का लाभ ले सकें।

ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के तहत पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी एवं ऑनलाइन माध्यम से जन सामान्य से उनकी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे, इसके पश्चात दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का छटनी एवं स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन एवं भौतिक रूप से भेज कर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया।

### छाल एवं धरमजयगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में छाल एवं धरमजयगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव पहुंचे। यहां उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ विभागीय स्टॉल का भ्रमण किया एवं विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन काउंटर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित कर उनका शीघ्र निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस दौरान बोकरामुड़ा के कृषक श्री घासीदास तथा छाल निवासी श्री चंद्रशेखर को ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान की गई। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा श्री कुणाल साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती लाजमी साहू, श्रीमती अमरीका साहू एवं श्रीमती अमृता साहू निवासी चंद्रशेखरपुर को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का हुआ निराकरण

सुशासन तिहार अंतर्गत आज समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी। जिसमें छाल में आयोजित शिविर में कुल 2414 आवेदनों में से 2375 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसी तरह तमनार अंतर्गत प्राप्त कुल 3734 आवेदनों में से 3671, रूचिदा में 4399 में से 4350, तेलीकोट में 3906 में से 3859 एवं कुंजारा में 3487 में से 3428 आवेदनों का निराकरण किया गया।

### 7 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 7 मई को जिले के 4 स्थानों में प्रात॰ 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इनमें घरघोड़ा के अमलीडीह, तमनार के हमीरपुर, खरसिया के बोतल्दा एवं धरमजयगढ़ के बोजिया शामिल है।

### जनता की हर मांग पूरी की जाएगी: विधायक

**महासमुंद, 6 मई ।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज आज जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर हाई स्कूल भवन, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी एवं नगरीय निकाय तुमगांव वार्ड क्रमांक 14 में हुआ। समाधान शिविर के पहले दिन विधायकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सहित आला अधिकारी शिविर में शामिल हुए। बिरकोनी शिविर में 12 ग्राम पंचायतों से कुल 11639 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया। यहां मांग के 11558 एवं शिकायत के 81 आवेदन प्राप्त हुए थे।

महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए।

# पुलिस अधीक्षक भावना के निर्देशन में प्रारंभ किया गया समाधान सेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मई।** पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के मुख्य अतिथ्य में ÷समाधान सेल÷ का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रायः यह देखने में आता है कि आम जनता जब पुलिस से दूरी बनाकर रखती है, तब आसानुकूल पुलिस को अपराधों की रोकथाम तथा पुलिसिंग में किसी प्रकार की सफलता नहीं मिलती। परंतु जहां पर पुलिस से आम जनता घुलमिल जाती है तथा पुलिस को अपना समझने लगती है, पुलिस पर विश्वास करने लगती है, वहां अपराधियों को पकड़ने में अभूतपूर्व सफलता मिलती है तथा कानून व्यवस्था में भी आश्चर्यजनक परिणाम सामने आते हैं। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए तथा आम जनों से सीधे मेलजोल एवं जानकारी प्राप्त कर उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने एवं अपराधिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में समाधान सेल÷ का गठन किया गया है तथा ÷समाधान



सेल का गठन कर हेल्पलाइन नंबर 94792 20392÷ जारी किया गया है। उक्त हेल्पलाइन नंबर पर कोई भी फरियादी अथवा आवेदक कॉल करके अथवा व्हाट्सएप के जरिए अपना आवेदन या शिकायत या कोई भी सूचना दर्ज करा सकता है। ÷समाधान सेल पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता की निगरानी में 24 घंटे कार्य करेगा÷ तथा समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 के माध्यम से किसी शिकायत या रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण का अविलंब निष्पादन किया जाएगा।

समाधान सेल के माध्यम से आमजनों एवं पुलिस के मध्य सीधा संवाद संभव हो पाएगा। इसके जरिए किसी प्रकार की भी शिकायत अथवा सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी तथा आम जनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

एक फोन कॉल अथवा व्हाट्सएप मैसेज के जरिए आमजनों की शिकायतों का समाधान संभव हो जाएगा। इसके साथ ही अपराधिक गतिविधियों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि, ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचनाओं, शिकायतों के निराकरण के लिए एक विशेष टीम गठित रहेगी। इसमें अवैध गतिविधियों के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर 24 घंटे में एवं सामान्य शिकायतों के निराकरण के लिए 72 घंटे की समयसीमा निर्धारित की गई है।

# पाकिस्तानी नागरिकों को दीर्घकालिक वीजा के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मई।** जिले में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं उन्हें तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा।दीर्घकालिक वीजा के लिए पुनः आवेदन 10 मई से उपलब्ध होगा और 10 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा। किसी भी विदेशी पाकिस्तानी नागरिक का दीर्घकालिक वीजा जो उक्त अवधि में फिर से आवेदन करने में विफल रहता है वह रद्द कर दिया जाएगा। इसके माध्यम से जिला में निवासरत समस्त विदेशी पाकिस्तानी नागरिक जो दीर्घ निवास वृध्दि आवेदन पत्र के आधार पर निवासरत हैं, वह तत्काल अपना नवीन आवेदन पत्र उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते हुए उसकी एक प्रति के साथ पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में प्रस्तुत करना होगा। विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं भारत सरकार गृह मंत्रालय विदेशी-01 प्रभाग के आदेश क्रमांक 25022/28/2025-स्र.1 दिनांक 28.04.2025 के तारतम्य में उक्त आदेश के तहत सभी दीर्घकालिक वीजा धारकों को उनके वीजा के निरीक्षण से छूट दी गई थी। उपरोक्त निर्णय पर सरकार द्वारा विचार किया गया और सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे सभी पाकिस्तानी नागरिक जिनके पास दीर्घकालिक वीजा है और जिन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की है उन्हें दस्तावेजों के साथ ईएफआरआरओ पोर्टल पर नए सिरे से आवेदन करना होगा। जरुरी दास्तावेज - दीर्घकालिक वीजा प्रमाण पत्र की प्रति,नवीनतम फोटो (सफेद पृष्ठभूमि के साथ पासपोर्ट आकार का), नवीनतम पता की प्रमाणित प्रति,व्यवसाय एवं धर्म का विवरण,यदि भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया गया है तो आवेदन पत्र की एक प्रति पोर्टल पर उपलोड करना होगा।

## एक नजर

### एक सामायिक,नेक सामायिक का आयोजन

**रायपुर, 6 मई।** जैन तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य श्री महाश्रमण जी के आज दिनांक - 06/05/2025, मंगलवार को 64 वें जन्मोत्सव उपलक्ष्य में आध्यात्मिक वातावरण में आध्यात्मिक भेंट अर्पण करने को ध्यानार्थ करते हुए एक सामायिक नेक सामायिक का आयोजन सुबह 9 से 10 बजे तक तेरापंथ अमोलक भवन में तेरापंथ युवक परिषद, रायपुर द्वारा किया गया। जिसमें उपासक श्रेणी की गरिमामय सन्निधि रहीं। उपासिका श्रीमती ज्योति डागा ने आचार्य श्री का जीवन वृत्तांत प्रस्तुत करते हुए उनके अनछुए पहलुओं का बताया। उपासिका श्रीमती सरोज कोठारी ने प्रेक्षा ध्यान साधना का अनुठा प्रयोग करवाया। उपासक श्री गौतम गुलगुलिया ने ÷ओ महाश्रमण गुरु राम मर्यादा पुरुषोत्तम....÷ सुमधुर गीतिका का संगान करते हुए उनके संयम जीवन की गुण सरिता को सजाया। आध्यात्मिक आयोजन पश्चात जैन सात्विक स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई जिसका आनंद संभागीय जनों ने लिया। आयोजन में विशेष रूप से गौतम गोलछा, नवरतन डागा, वीरेंद्र डागा, अभय गोलछा, विकास बरलोटा, जितेंद्र छाजेड़ उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहारः लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई जारी

**बलौदाबाजार, 6 मई।** सुशासन तिहार में लोगों के द्वारा की गई शिकायतों पर विभाग द्वारा सबंधितों पर कार्यवाही की जा रही है। शिकायत की जांच के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक व्याख्याता के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव एवं 3 शिक्षकों के अध्यापन स्थल परिवर्तित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खरतोरा में पदस्थ व्याख्याता एल बी प्रतिभा वर्मा लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। सुनील कुमार सोनी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी विकासखंड सिमगा को शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा, देवेंद्र कुमार वर्मा,शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओड़ान विकासखंड पलारी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैजनाथ खपरी विकासखंड पलारी, निविषा उपाध्याय सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बैकोनी को शासकीय प्राथमिक शाला कचलोन विकासखंड सिमगा में अध्यापन हेतु आदेशित किया गया है।

### नपं उपाध्यक्ष चुनाव में अनुशासनहीनता के चलते कांग्रेस नेता निष्कासित

**मोहला, 6 मई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के चलते नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के पार्षद रितेश मेश्राम को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसार, हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव 2025 में रितेश मेश्राम ने पार्टी के निर्देशों की अनदेखी करते हुए अपने व्यक्तिगत निर्णयों के आधार पर कार्य किया। इससे कांग्रेस पार्टी को नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

जिले में लोक समाधान शिविर का हुआ शुभारंभ

# पहले दिन के शिविर में 20866 आवेदनों का किया गया वाचन

■ 371 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

■ संभागायुक्त महादेव कावरे ने कुसमी शिविर का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मई।** प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तीसरे चरण के तहत जिले में आज 5 मई 2025 को लोक समाधान शिविर का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन जिले के पांचो विकासखंड के एक -एक ग्राम पंचायत क्लास्टर एवं 4 नगरीय निकायों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से आवेदको को अवगत कराया गया। आज के शिविर में कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 20866 जिसमें मांग 20041 एवं शिकायत सम्बधित आवेदन की संख्या 363 है। इस दौरान विभिन्न योजना के 371 हितग्राहियो को सामग्री वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। रायपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे पलारी




जनपद के कुसमी में आयोजित समाधान शिविर का अवलोकन किया वहीं भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी शिविर में पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री कावरे ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत आज से समाधान शिविर का आयोजन शुरू हुआ है जिसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। इसके साथ ही विभाग में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है।पात्रता अनुसार हितग्राहियो को योजना से लाभन्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन की पहुंच आमजन तक हो तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मांग से सबंधित आवेदनो का निराकरण यथासंभव मांग की पूर्ति होने पर विभाग द्वारा किया जाए तथा शिकायतों का निराकरण गंभीरतापूर्वक जांच पड़ताल के पश्चात कार्यवाही करें। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा निर्माण, सफाई अभियान, वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की सराहना करते हुए पानी बचाने के लिए सबकी सहभागीता पर जोर दिया। देवरी शिविर में पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत तीसरे चरण की शुरुआत आज से हो रही है जिसमें समाधान शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आवेदको को उनके आवेदन की निराकरण की जानकारी देने के साथ योजनाओं से हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया जा रहा है। ऐसे शिविरो से जनता को लाभ लेना चाहिए।

कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार की जानकारी देते हुए कहा कि जिलेवासी हर्षोल्लास के साथ सुशासन तिहार मना रहे है। हमारा जिला प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने में दूसरा स्थान पर है जो यह दिखाता है कि इस जिले के निवासी कितना जागरूक हैं। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संचयन के काम में सबकी सहभागिता सूनिश्चित करने कहा। उन्होने पंचायतों में विकास कार्य के साथ साथ सप्तरंगी सूत्र के अनुसार सभी मानको में खरा उतरने कहा।

# न.पा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने हटरी बाजार रेल्वे अंडर ब्रिज का निरीक्षण किया

■ सफाई जल निकासी की समस्या के निदान को लेकर चर्चा की, प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 मई।** नगर पालिका भाटापारा अंतर्गत हटरी बाजार गुरुद्वारा के समीप वर्षों से बंद पड़े रेलवे अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, रेलवे विभाग से सीनियर ए.डी.ई.एन टी. मोहम्मद, ए.डी.एस.टी. प्रदीप कुमार, एस.एस.सी. (सिग्नल) सुधीर मिश्रा तथा नगर पालिका भाटापारा से सभापति सतीश तलरेजा, कुंजराम कोसले, पार्षद सतीश साहू, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, जुन्नु तंवर, काके थड़वानी, हारून, राजू सलूजा, जैकी मोटवानी, सोनू ख़ान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफ़र ख़ान एवं स्वास्थ्य विभाग प्रमुख आनंद राठौड़ सहित अन्य अधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अंडर ब्रिज की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा नियमित निगरानी की आवश्यकता पर चर्चा की गई। यह अंडर ब्रिज क्षेत्र में जलभराव की प्रमुख वजह रहा है, जिससे हर वर्ष स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शीघ्र अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुधारने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं ताकि नागरिकों को आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# एकता एग्रो राइस मिल से 372 क्विंटल धान जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ जब्तशुदा धान का समर्थन मूल्य 8,65,382 रुपए होना पाया गया, सुशासन तिहार में खाद्य विभाग को शिकायत की गई थी

**बलौदाबाजार, 6 मई।** सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के तहत खाद्य विभाग द्वारा एकता राईस मिल की जांच में 372.34 क्विंटल समर्थन मूल्य का धान अधिक पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई। जब्तशुदा धान का समर्थन मूल्य 8,65,382 रुपए होना पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम खिलोरा में संचालित एकता एग्रो राईस मिल के संचालन के सम्बन्ध में सुशासन तिहार में खाद्य विभाग को शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत की जांच खाद्य निरीक्षक द्वारा किया गया जिसमें राईस मिल संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है एवं मिल संचालित करने हेतु खाद्य विभाग से समाबंधित सभी दास्तावेज पाया गया। मौक़े पर जांच अधिकारी के द्वारा मिल में संग्रहित धान और चावल का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें मिल के द्वारा 31805.48 क्विंटल धान का उठाव किया गया जिसमें 6653.66 क्विंटल चावल नान एवं एफसीआई में जमा किया गया। भौतिक सत्यापन के समय चावल 394 क्विंटल एवं धान 21803.18 क्विंटल पाया गया। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 372.34 क्विंटल धान अधिक पाया गया। अधिक पाए गये धान के सम्बन्ध में मिल के मालिक अनंत शर्मा के द्वारा कोई तर्कसंगत जवाब नहीं दिया गया जिसके कारण उक्त धान को उनके कब्जे से जब्त कर आगामी आदेश तक के लिए उनके सुपुर्दगी में दिया गया।

# नशे में धुत व्यक्तियों के बीच खूनी संघर्ष एक व्यक्ति की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 मई।** नगर के कंडरापारा में 05 अप्रैल रविवार रात्रि लगभग 09 बजे नशे में धुत दो व्यक्तियों के मामूली विवाद ने इतना तुल पकड़ा कि आरोपी ने मृतक के उपर डंडा से प्राणघातक हमला कर दिया गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई. इस घटना के बाद कंडरा पारा वार्ड में मातम सा छा गया है। देर रात पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए शिकायत के बाद विवेचना शुरू कर दी गई।

पुलिस की माने तो पूरा मामला बांस काटने व जंगल जाने को लेकर था। जिसमे संजय उइके पिता नेतराम उइके उम्र 40 वर्ष के साथ सतीश कुरसुंघे के बीच कुछ बहस हो गई। दोनों नशे में धुत थे। संजय के साथियों ने सतीश को समझने की कोशिश की। परंतु सतीश आवेश में आते हुए मुकुंद कंडरा के घर के पास घटना को अंजाम देते हुए संजय उइके के सिर में भारी भरकम डंडे से जोरदार वार किया। जिससे घटनास्थल पर ही संजय गिर गया। सतीश के इस वार के बाद संजय के साथी अचानक हुए हमले से हतप्रत हो गए। घटना को देख आसपास के लोग संजय को बचाने पहुंचे। तब तक सतीश कुरसुंघे घटनास्थल से फरार हो



गया । घटना के बाद संजय के परिवार जनों नें देर ना करते हुए संजय उइके को अस्पताल लेकर आये तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वही इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार जनों ने नशे के व्यापार करने वाले सतीश व उनके दोनों भाइयों पर साजिश के तहत वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। गौर करने वाली बात है कि बीती रात हुई यह घटना थाना परिसर से महज 200 मीटर की दूरी पर है।

वहीं सप्ताह भर के बीच धर्मनगरी में तीन हत्त्या की वारदात हो गई है और माना जा रहा है कि धर्मनगरी कहे जाने वाले तीर्थ स्थल में बच्चे और युवा पीढ़ी नशे की आगोश में आकर इस प्रकार की घटना को अंजाम दिए जा रहे जिससे आने वाले समय भी क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं होंगे इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा.


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202504092100021
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अमीपाल सिंग कक्कड़ वल्द दलजीत सिंह कक्कड़ जाति सिक्ख उम्र 35 वर्ष निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक अमीपाल के दादी महिन्दर कौर के नाम पर डोंगरगढ़ नजूल शीट क्रमांक 6 पर भूखण्ड क्रमांक 2022/2 एवं 2023 में रकबा 2952 एवं 2970 भूमि मकान स्थित है। आवेदक के दादी महिन्दर कौर के द्वारा भविष्य में विवाद न हो सोचकर आवेदक अमीपाल के नाम पर रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 8/10/2012 को निष्पादित कर दिया था। जिसमें भूखण्ड का टुकड़ा उल्लेख है जिसका वर्तमान में बटांकन हो चुका है। आवेदक के दादी महिन्दर कौर का मृत्यु दिनांक 4/7/2013 को डोंगरगढ़ में हो गया है। वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/05/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**नाम परिवर्तन**

मैं हेमलता वर्मा पति कृष्ण कुमार वर्मा निवासी भगत सिंह वार्ड नं. 18 गांधी वार्ड डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड, में मेरा नाम लता वर्मा पति कृष्ण कुमार वर्मा अंकित हैं जिसे मैं अपना नाम हेमलता वर्मा पति कृष्ण कुमार वर्मा परिवर्तन किये जाने से नया नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सुचना जाने।

भवदीय
हेमलता वर्मा


## गुमशुदा

श्रीमती हिरमत साहू, 56 वर्ष निवासी अछोली विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव 30 अप्रैल शाम 5:30 निकलकर मुरमुंदा रोकी, 1 मई को धौराभाठआ के लिए निकली है लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंची है जिस किसी को भी इनके बारे में जानकारी प्राप्त हो उक्त नंबर 8103427013 पर संपर्क करें।



# चिल्हारी थाने के रिश्वत कांड में थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक निलंबित

■ आईजी अभिषेक शांडिल्य ने दिया निलंबन करने का निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 6 मई।** मोहला मानपुर अंबागढ़चौकी जिले के चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को महाराष्ट्र के एक फौजी परिवार के साथ कथित ज्यादती करने के साथ-साथ रिश्वत लेने के मामले में आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देश पर एसपी वाईपी सिंह ने निलंबित कर दिया है।

वही पिडितो पर मामला दबाने को लेकर दबाव बनानें वाले प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को भी निलंबित कर दिया गया है। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी थाना प्रभारी पर आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाले फौजी परिवार ,को कथित मवेशी तस्करी




की आशंका पर रातभर थाने में बिठा कर सुबह गरीब किसान बैल मालिक,पीकप वाहन मालिक एवं कारगिल युद्ध लड़े फौजी के बड़े भाई से एक लाख से ऊपर कि रिश्वत ली गई। महाराष्ट्र गढ़चिरौली के ग्राम खुनारा के रहने वाले पीड़ित परिवार का फौज से वास्ता रहा है देश के लिए कारगिल युद्ध लड़ा। आईजी ने मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी को सीधे थाना प्रभारी और मामले मे लिप्त खाकी को शर्मसार करने वाले लोगों पर निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बताया गया कि एसडीओपी नेहा पवार को थाना प्रभारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का भी जिम्मा सौंपा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक चिल्हाटी थाना से सटे गढ़चिरौली के रहने वाले फौजी परिवार के लोग भड़सेना पंचायत के आश्रित ग्राम कोलिहाटोला के रहने वाले रामकुमार सलामे से किसानी के लिए एक जोड़ी बैल खरीदा था। 20 अप्रैल को फौजी चतुर सिंधराम का बड़ा भाई मधुर सिंधराम बैल खरीदकर चिल्हाटी क्षेत्र के देवदास साहू के मालवाहक पीकप वाहन ष्द 08ड्ढद्म5941में मवेशी लेकर वापस लौट रहे थे। इसी बीच चिल्हाटी थाना के सामने देर शाम आबकारी चेकपोस्ट में मवेशी तस्करी के नाम पर मालवाहक को रोका गया। पिडीतो के द्वारा सत्य जानकारी देने के बावजूद थाना प्रभारी के निर्देश पर सभी को थाना में रात भर भूखें प्यासे रखा गया सुबह इसके एवज में थाना प्रभारी व स्टॉफ द्वारा मोटी रकम लेकर छोडा गया।

इधर पुलिस चगुल के बीच मधुर सिंधराम की मां की अगले दिन पहेट 21 अप्रैल को मौत हो गई। किसी तरह मिन्नत कर वह थाना से गांव पहुंचा। पुलिस को रिश्वत दी और ले देकर पुलिस के चंगुल से छुटते हुए अपने मां के अंतिम संस्कार में वह शामिल हो पाया इस बीच मामला सार्वजनिक हो गया। मामला सामने आने के बाद आईजी ने एसपी को सीधे निलंबित करने के निर्देश दिए है साथ ही रविशंकर डहरिया के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी रवि शंकर डहरिया प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को निलंबित करनें का एसपी को निर्देश दिया गया है।

अभिषेक शांडिल्य आईजी राजनांदगांव रेंज पीड़ितों पर बेहद दबाव-मामला उजागर होने के बाद थाना प्रभारी रवि शंकर डहरिया समेत चिल्हाटी थाने मे तैनात पुलिस बल रिश्वत कि रकम वापस लौटने महाराष्ट्र के नक्शल वांछित क्षेत्र में भी पहुंच गये इसके अलावा पीड़ितों को कुछ ना बताने मामले में चुप रहने के लिए बेहद पुलिसिया दबाव बनाये जाने की खबर मिल रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)**

Email ID-ee.dhamtari@nic.in
क्रमांक 2569/NIT-3/2025-2026/ व.ले.लि. दिनांक 01/05/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना//
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 26/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 27/05/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|
| 3<br>T0009 | ग्राम कोलयारी तहसील व जिला धमतरी में राहत शिविर भवन का अतरिक्त कार्य (100 बिस्तर) प्रथम आमंत्रण | 9.92<br>7500.00<br>300000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र. T0009 2 माह वर्षाऋतु सहित ।
4. टीप EMD के साथ क्लास CD हेतु अनेक्जर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

G-252600650/4

## एक नजर

### रंग संस्कार महोत्सव 16 से



**रायपुर, 6 मई।** संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार स्व. अशोक चंद्राकर की स्मृति में आयोजित होने वाले रंग संस्कार महोत्सव के त्रिदिवसीय आयोजन के लिए बैठक के संरक्षक पद्मअनुज शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल , संस्कार भारती महानगर रायपुर इकाई के अध्यक्ष शशांक शर्मा , महोत्सव के छः नाट्य निर्देशक , प्रांतीय पदाधिकारी और रायपुर महानगर इकाई के सदस्यों की उपस्थिति में महोत्सव की रचना एवं अभी तक की तैयारी के संबंध में प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलीकर ने सबको अवगत कराया । 16 -17-18 मई के त्रिदिवसीय महोत्सव में रोज दो नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### वित्तीय परिणामों की घोषणा

**रायपुर, 6 मई।** युवोको विस्टास कॉप. लिमिटेड, भारत में एक प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी, ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की ज्वाइंट स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉप. लिमिटेड, भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट ग्रुप है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। एनसीएलटी द्वारा वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए सॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद कंपनी वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता हासिल करने की राह पर है। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 5.7 एमएमटी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा हासिल की, जिसमें पूरे साल की मात्रा 19.4 एमएमटी तक पहुंच गई।

### बांस के गूदे से बना टॉवल बाजार में

**रायपुर, 6 मई।** द बेंबू टॉवल, यह 100 प्रतिशत बांस के गूदे से बने टॉवलस, बेहतर जल अवशोषण और जल्दी सूखने वाली विशेषताओं के साथ एक रेशनी - मुलायम स्पर्श प्रदान करते हैं । द प्लश टेरी टॉवल रेंज में कॉटन और बांस के मिश्रण है, जो स्नान के लिए, हाथ के लिए, दोपहर के भोजन के लिए, चेहरे और जूनिया टॉवल सहित विभिन्न प्रकार के टॉवल में उपलब्ध हैं। स्ट्रैप्ड और चेक्ड टॉवलस रेंज को पूरा करते हुए, रंग स्थिरता, कोमलता और स्थायी गुणवत्ता के साथ दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं ।

### 200 से ज्यादा रोबोटिक कॉर्डियक सर्जरी हो चुकी

**रायपुर, 6 मई।** एसएसआई मंत्रा की मदद से 3700 सर्जरियां की जा चुकी हैं, जिसमें 200 से अधिक रोबोटिक कॉर्डियक सर्जरियां शामिल हैं- इन प्रक्रियाओं में सिस्टम से जुड़ी शून्य जटिलताएं दर्ज की गई हैं। इस सिस्टम ने सुरक्षा के बेहतरीन रिकॉर्ड प्रस्तुत किए हैं, डिवाइस से जुड़ी मृत्यु, चोट एवं जटिलताओं की दर शून्य रही है। इसके अलावा एसएस इनोवेशन्स भारत की पहली और एकमात्र कंपनी है जिसे टेलीसर्जरी एवं टेली- प्रॉक्टरिंग प्रक्रियाओं के लिए सेंट्रल ड्रग्स स्टैण्डर्ड कंट्रोल ओर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) से विनियामक अनुमोदन मिला है, जो कंपनी की विश्वस्तरीय विस्तार योजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह कहना है संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव का।

### 70 लाख के नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया

**रायपुर, 6 मई।** आज रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के कबीर नगर सोनडोंगरी क्षेत्र के विभिन्न 6 स्थानों पर लगभग 70 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से नवीन विकास कार्यों को शीघ्र करवाने एमआईसी सदस्य श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, वार्ड 2 के पार्षद श्री भगतराम हरवंश सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।

# झारखंड शराब घोटाले की आंच छग तक

- सीबीआई करेगी जांच, साय सरकार ने दी सहमति




**रायपुर, 6 मई।** झारखंड में शराब नीति में बदलाव कर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत सीबीआई को छत्तीसगढ़ में जांच के लिए सहमति दी है। यह मामला रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज अपराध से जुड़ा है। बता दें कि यह घोटाला झारखंड की आबकारी नीति में बदलाव के जरिए रचा गया था, जिसकी योजना छत्तीसगढ़ में बनी। आरोप है कि रायपुर से डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर शराब की आपूर्ति झारखंड में की गई, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ। ईओडब्ल्यू ने पिछले साल इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन जब उनके अधिकारी जांच के लिए झारखंड पहुंचे, तो वहां के अधिकारियों ने सहयोग नहीं किया। इसके बाद जांच को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया गया। बता दें कि इस जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, सलाहकार अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर, झारखंड के आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आबकारी आयुक्त गजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंघानिया, विधु गुप्ता, निरंजन दास और अन्य की मुसीबतें अब और बढ़ने वाली हैं। गौरतलब है कि झारखंड में FL-10 लाइसेंस मॉडल पर आधारित नई शराब नीति बनाई गई, जो पूरी तरह छत्तीसगढ़ की तर्ज पर थी। इसके तहत पुरानी ठेका प्रणाली को खत्म कर एक चहेती एजेंसी को आपूर्ति का ठेका दिया गया। आरोप है कि सिंडिकेट ने नकली होलोग्राम का उपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की। सीबीआई की टीम अब एफआईआर की कॉपी के आधार पर झारखंड में नए सिरे से जांच करेगी और जिन लोगों के नाम ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में हैं, उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। इस जांच से झारखंड-छत्तीसगढ़ के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच राज्य की सरकारी शराब दुकानों से अवैध तरीके से शराब बेचने का था, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होने का आरोप है। इस घोटाले में लगभग दो हजार करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है। ईडी की जांच में यह सामने आया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी ए.पी. त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के गठजोड़ ने यह घोटाला किया। ईडी ने इस मामले में 28 दिसंबर 2024 को कवासी लखमा और उनके परिवार के सदस्यों के घरों पर छापे मारे थे और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे, जिनमें अपराध से अर्जित आय के सबूत मिले थे।

## मंत्री ओपी चौधरी गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के नाम बताएं



**रायपुर 05 मई।** मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा 6 अधिकारियों की गड़बड़ियों की फाइल बनाने के बाद कार्यवाही नहीं करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मंत्री ओपी चौधरी को बताना चाहिए कि वो 6 अधिकारी कौन है? जिनकी भ्रष्टाचार अनियमितता की फाइल बनाने के बाद मंत्री ओपी चौधरी ने उनको एसीबी और ईओडब्ल्यू से जांच कराने का डर दिखाया और फाइल को दबाकर बैठ गए उन पर कार्यवाही क्यों नहीं किया? मंत्री ओपी चौधरी का उन 6 अधिकारियों के साथ क्या सांठगांठ है? क्या ओपी चौधरी की भी फाइल उन अधिकारियों के पास है जिसका उजागर होने का डर सता रहा था? उन अधिकारियों के गड़बड़ियों में चौधरी भी शामिल है इसलिए कार्यवाही करने में हाथ कांप रहे थे? इससे स्पष्ट है कि भ्रष्ट और अनियमितता बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भाजपा सरकार का संरक्षण है? प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले मुख्यमंत्री अब मंत्री ओपी चौधरी के भ्रष्ट अधिकारियों के फाईल बनाने की सार्वजनिक स्वीकृति और कार्यवाही नहीं करने के बाद तत्काल चौधरी को मंत्री पद से हटाये। उन छह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और भ्रष्टाचार की जांच हो।

## अध्यक्ष चुने जाने पर कमल वर्मा को बधाई

**रायपुर 05 मई।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों ने मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के निर्विरोध संयोजक चुने जाने पर कमल वर्मा को बधाई दी है। कमल वर्मा और उनके प्रांतीय प्रवक्ता चंद्र शेखर तिवारी और उनकी पूरी टीम को छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव ने कमल वर्मा और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभ कामनाएं देते हुये वर्मा से आग्रह किया कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश जारी कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया।



## जाति समीकरण के आधार पर होगी शेष निगम-मंडलों में नियुक्तियां

**रायपुर, 6 मई।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद अब जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा हुआ है, ऐसे में इनका अभी पदभार संभालना मुश्किल है, लेकिन जिनके पदों में कोई पेंच नहीं है, उनके पदभार ग्रहण करने का क्रम चल रहा है। पदभार संभालने का क्रम अभी माह और चलने की संभावना है। जिनकों पद दिए गए हैं, उनमें जहां प्रदेश संगठन के करीब 20 नेता शामिल हैं, वहीं नियुक्ति में जाति समीकरण को भी देखा गया है। हालांकि पहली सूची की नियुक्ति में एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, लेकिन दूसरी सूची में इस वर्ग को भी मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ जिन नेताओं ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मेहनत की है, उनको भी पद दिए जाएंगे। इसके अलावा जिनको चुनाव में टिकट नहीं मिल सके थे, उनको भी पद दिए जाने की संभावना है। जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें बेवरेज कॉर्पोरेशन, अपेक्स बैंक, मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, हज कमेटी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है।



## अधिवक्ता शुक्ला म्यू थाई थाई मार्शल आर्ट संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत




**रायपुर, 6 मई।** जिला बालोद में 02 - 03 मई 2025 को छ ग एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा डॉ. वर्णिका शर्मा रही तथा दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, केंद्रीय खेल मंत्री के निज सचिव सिद्धांत शर्मा ,दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य प्रबंधक आर बी गहरवाल, मण्डल अध्यक्ष दल्लीराजहरा रामेश्वर साहू, छ ग एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लूनिया की गरिमामयी उपस्तिथि रही। कार्यक्रम उपरांत म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन एवं अमन यादव ने अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला की नियुक्ति की घोषणा की। शुक्ला ने इस जिम्मेदारी हेतु संघ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है. हमें जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकारने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

## जगदगुरु शंकराचार्य की जयंती मनाई गई



**रायपुर 6 मई।** को छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में जगदगुरु शंकराचार्य भगवान की जयंती का आयोजन शहीद स्मारक भवन, रायपुर में किया गया। जिसमें प्रदेश के समस्त पदाधिकारी तथा विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक महंतगण तथा सामाजिक गणमान्यजन तथा मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही जिसमें लगभग 1000 की संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय अरूण साव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा कार्यकम की अध्यक्षता माननीया श्रीमती मीनल चौबे, महापौर नगर निगम, रायपुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्रद्धेय डॉ. महंत रामसुन्दर दास, दूधाधारी मठ रायपुर तथा महंत 1008 विवेक गिरी महाराज गौर कांपा आश्रम तथा महाराज शिवानदं तीर्थ, रिषिकेष से तथा निजा सरस्वती अमरकंटक धाम मध्यप्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महंत हरभूषण गिरी, महंत सुरेन्द्र पुरी, महंत अखिलेन्द्र पुरी, महंत कुमार गिरी, महंत चिंतामणी गिरी, भी उपस्थित रहे।

## भारत की बढ़ती साख से पाकिस्तान बौखलाया: बजाज



**रायपुर, 6 मई।** अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती साख के चलते पाकिस्तान बौखलाहट में आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम जुलुम एवं कन्हेरा में आयोजित रामचरित मानस गान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि राम व कृष्ण के देश में अहिंसा का कोई स्थान नही है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति अन्नू तारक ने कहा कि पहलगाम के हमले से पूरा देश आक्रोश में है तथा इस घटना की जितनी निंदा की जाय कम है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू, महामंत्री नेहरू राम साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर निषाद, भेखराम साहू, रामकुमार साहू, गुहरी राम पाल, उमेश महराज, उपसरपंच अश्वनी साहू , मन्नू लाल साहू, लोकेश साहू, केशव राम साहू , तुलसीराम साहू , शंकर निषाद, भानु प्रताप साहू, गणेश निषाद , पवन कुमार साहू, सामंत निषाद, ऋषि राम साहू, गुलाब साहू, बालकृष्ण सोनकर, शिवकुमार साहू, केशवराम साहू, नन्दकिशोर निषाद, तामेश्वर रूपेंद्र साहू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### अवैध एम्ल्यूमिनियम सिल्ली को बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 06 मई।** टॉसपोर्ट नगर रावांभाठा रायपुर में दुर्गा धर्मकाटा के पास एक 16 चक्का ट्रक अशोक लिलेन्ड कमांक सीजी-04-पीएल-4131 में भारी मात्रा में एल्यूमिनियम सिल्ली भरा हुआ है, जिसका ड्रायवर एवं कन्डेक्टर अफ्रा-तफ्री करने के फिराक में घूम रहे है कि मुखबीर के बताये स्थान पर एण्टी काईम एण्ड सायबर युनिट एवं खमतराई पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ट्रक में सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया।

## प्रेस क्लब में चित्रकला शिविर प्रारंभ

**रायपुर, 6 मई।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर प्रेस क्लब और आर्ट होम संस्था की ओर से प्रेस क्लब भवन, मोतीबाग में 31 मई तक ग्रीष्मकालीन महिला एवं बाल चित्रकला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 1 मई को किया गया। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी सुबह 8 से 9-30 बजे के मध्य अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। शिविर मीडिया परिवार एवं निर्धन वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क है। चित्रकला शिविर में मूलरूप से चित्रकला की बेसिक जानकारी दी जाएगी और इसके अतरिक्त रेखांकन व पोस्टर कलर, एक्रेलिक कलर, फेब्रिक कलर, ऑयल पेस्टल कलर एवं सॉफ्ट पेस्टल कलर के साथ साथ वेस्ट से बेस्ट एवं फ्लावर पाट, सिरेमिक डिजाइन आदि सिखाया जाएगा। शिविर के अंत में बच्चों के प्रोत्साहन हेतु उनके पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई जावेगी और उन्हें आर्ट होम द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। आर्ट होम संस्था के संचालक नरेश वाढेर ने बताया कि चित्रकला से संबंधित आवश्यक सामग्री प्रशिक्षुओं को स्वयं लाना होगा। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद पालक अपने बच्चों को समय पर उपस्थित होकर ले जाएंगे। रविवार को चित्रकला शिविर बंद रहेगी। शिविर में मुख्यरूप से क्रमशः वरिष्ठ चित्रकार नरेश वाढेर, जयभगवानानी, दीपिका सिंह बैस, सुनीता दिवेदी, सुजाता राजीमवाले, रजनीश वर्मा, रुचि तिवारी, आदि वरिष्ठ कलाकार प्रशिक्षण देंगे।



# पॉवर कट से नाराज पूर्व विधायक ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 6 मई।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ का एक प्रतिनिधि मण्डल छ.ग.स्टेट पॉ.डि.कं. लिमि. के एमडी भीम कँवर से चर्चा करने पहुँचे। विकास उपाध्याय ने बताया कि विगत् कई दिनों से लगातार राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में बिजली की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों आये आँधी तूफान में 24 से 30 घंटे तक बिजली का चले जाना, लो वोल्टेज की समस्या, समय बेसमय आधे घंटे एक घंटे के लिए बिजली कटौती करना बगैर पूर्व सूचना के, साथ ही ट्रांसफार्मर में लोड प्रॉब्लम, बार-बार डीओ उड़ना एवं लो वोल्टेज की समस्या आ रही है। उपाध्याय ने आगे कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा सीएसईबी के अधिकारी कर्मचारी से संपर्क किया जाता है तो न ही कोई फोन उठाते हैं और समस्या संबंधित न ही कोई जवाबदारी लेने को तैयार रहते हैं। पूरे शहर में विद्युत तार जो वृक्ष के बढ़े हुए तनों से टकरा रहे हैं उसकी कटाई-छंटाई भी नहीं हो रही है। विद्युत विभाग के द्वारा जो उपकरण की खरीदी की जा रही है वह भी गुणवत्ताविहिन है। उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कुछ दिनों पूर्व रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में कड़ी आँधी-तूफान के आने से विद्युत पोल, विद्युत तार एवं बड़े-बड़े वृक्ष गिरने से काफी क्षति हुई, लेकिन बीजेपी की ट्रिपल इंजन सरकार का इस प्रकार की प्रकृति आपदा हेतु किसी प्रकार की व्यवस्था की कोई तैयारी नहीं। 48-48 घंटों से विद्युत पोल गिरी रही लेकिन उसे व्यवस्थित करने की कोई तैयारी नहीं थी। अब तो बारीश का मौसम भी शुरू होने वाला है ऐसे में छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार विद्युत समस्या हेतु क्या कदम उठाएगी जब अभी का यह हाल है तो आगे क्या होगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ की जनता को पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा दिये जा रहे बिजली बिल हाफ योजना को भी सरकार सही ढंग से नहीं दे पा रही और समय से पहले ही बिजली बिल भुगतान का समय निर्धारित हो जाता है। विकास उपाध्याय ने कहा छत्तीसगढ़ में पार्षद महापौर विधायक सांसद नदारत हो चुके हैं, बारिश से पहले आए आंधी तूफान में ही ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है, सीएसईबी के अधिकारी कर्मचारी ना फोन उठाएं ना जवाब देने को तैयार जनता बहुत ज्यादा त्रस्त हुई। पूर्व विधायक ने ज्ञापन के माध्यम से छ.ग.स्टेट पॉ.डि.कं. लिमि. के एमडी को अवगत् कराया है कि विद्युत विभाग के द्वारा जो उपकरण की खरीदी की जा रही है वह भी गुणवत्ताविहिन है, यदि शीघ्र अतिशीघ्र बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। आज के प्रतिनिधि मण्डल में विकास उपाध्याय के साथ बबीता नत्थानी, अशोक ठाकुर, गौरी शंकर दुबे, सौमित्र मिश्रा, संदीप शर्मा, कुलदीप मठरू, विकास अग्रवाल, संदीप सिरमोर, संदीप कटारिया, योगेश दीक्षित, संजू नायडू, योगेश तिवारी, डेमेन्द्र यदु, रितेश साहू, दीपेश यदु, रवि यादव, वेद प्रकाश कुशवाहा, किशनपुरी गोस्वामी आदि उपस्थित हुये।

# खेल-खेल में बच्चों को मिल रही आध्यात्म और राजयोग की शिक्षा

- ब्रह्माकुमारीज द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 में समर कैम्प शुरू हुआ
- स्कूलों में सिर्फकिताबी शिक्षा मिल रही है

**रायपुर 6 मई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड शान्ति शिखर में आयोजित समर कैम्प का शुभारम्भ श्री सत्यसाई हास्पीटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव संदीप गाँधी, छात्र कल्याण अधिकारी श्रीमती विभा चन्द्राकर, अपेक्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल नारायण काण्डे, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

बच्चों को सम्बोधित करते हुए श्री सत्यसाई हास्पीटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव ने ब्रह्माकुमारी बहनों के तपस्वी जीवन और समर कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में दैवी गुणों से सम्पन्न बहनों को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूँ। यहाँ के शान्त और पवित्र वातावरण को देखकर मेरा भी समर कैम्प में शामिल होने का मन कर रहा है। मेरा मानना है कि दुनिया में ब्रह्माकुमारीज़जैसी अन्य कोई दूसरी संस्था नहीं है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव संन्दीप गाँधी ने समर कैम्पके फायदे गिनाते हुए कहा कि बच्चों को इस समर कैम्प से अनुशासन के साथ-साथ मनोरंजन और मेडिटेशन सीखने का भी लाभ मिलने वाला है। आप बच्चे बहुत अधिक भाग्यशाली हैं कि आपको इतनी श्रेष्ठ संस्थान द्वारा आयोजित समर कैम्प में शामिल होने का अवसर मिला है।

अपेक्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलकान्त काण्डे ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। ब्रह्माकुमारी संस्था समर कैम्प के माध्यम से देश के भविष्य को संवारने का श्रेष्ठ कार्य कर रही हैं। उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ ही घर और स्कूल में स्वच्छता और पर्यावरण पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। हमारा लक्ष्य सिर्फडॉक्टर इन्जीनियर बनना ही नहीं बल्कि अच्छा इन्सान बनने का होना चाहिए।

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि आजकल स्कूलों में सिर्फकिताबी ज्ञान ही दिया जाता है। इसलिए वर्तमान शिक्षा सिर्फ रोजगार प्रदान करने तक सीमित हो गई है। हम बच्चों को समर कैम्प के माध्यम से नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा देते हैं जो कि आगे चलकर उनके जीवन में बहुत काम आने वाली है।

### बाबू 10 हजार रुपए का रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रायपुर, 06 मई।** प्रार्थी कुशू राम केवट द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में शिकायत की गई थी कि वह अक्टूबर 2008 से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हालाहुली जिला रायगढ़ में कलेक्टर दर पर चपरासी के पद पर पदस्थ है। उसे अक्टूबर 2014 से अप्रैल 2017 तक का वेतन लगभग 02 लाख रुपये नहीं मिलने पर वह माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर की शरण में गया था।जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा उसके वेतन का भुगतान करने का आदेश जारी किया गया था। वेतन जारी करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के बाबू एम.एफ फारूखी से मिलने पर उनके द्वारा 20,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने प्रार्थी से 5,000 रूपये ले लिये थे।

# आतंकी हिंसा का मार्ग छोड़ अहिंसा के मार्ग पर चलें: ट्रस्ट

**रायपुर, 6 मई।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर स्वामी के कैवल्य कल्याण दिवस निमित्ते सवा लाख नवकार जाप का अनुष्ठान रखा गया है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि हिंसा मुक्त हो समाज , भाईचारे व समृद्धि की कामना से जाप रखा गया है । परमात्मा से प्रार्थना करना है कि आतंकियों को सद्बुद्धि दे कि हिंसा का रास्ता छोड़कर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के मार्ग पर चलें और देश की मुख्यधारा में जुड़कर समाज व देश निर्माण में सहयोग करें । वैशाख सुदी 10 , बुधवार 7 मई को भगवान महावीर स्वामी का केवल ज्ञान प्राप्ति का दिन है । साढ़े बारह वर्ष की कठोर साधना के पश्चात गोदोहासन में काउसग्ग करते हुए महावीर स्वामी को शाल वृक्ष के नीचे ऋजुबालिका नदी के तट पर सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हुई थी । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि कैवल्य कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में सकल जैन समाज हिंसा मुक्त समाज , सुख समृद्धि व भाईचारे हेतु सवा लाख नवकार महामन्त्र की आराधना करेगा । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे बताया कि ज्ञान के प्रकाश प्रतिरूप शुद्ध घी के दीपक या चिराग प्रज्वलित कर जैन भाई बहनें घर पर 12 नवकार का जाप कर आतंकी हिन्सा मुक्त समाज भाईचारे व समृद्धि हेतु प्रार्थना करेंगे । जाप प्रातः 7 से संध्या 6 बजे के मध्य किया जावेगा । चन्द्रेश शाह व महावीर कोचर ने कहा कि इस आयोजन की विशेषता है कि भगवान महावीर स्वामी को जिस गोदोहासन मुद्रा में केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी सकल जैन समाज उसी गोदोहासन मुद्रा में घर घर 12 नवकार महामन्त्र का जाप करेंगे गोदोहासन में जाप की फ़ोटो , वीडियो महावीर कोचर 8889063888 मंजू कोठारी 94063 16281 , मंजू टाटिया 9827464648 , मयूरी गोलछा 8817810952 मोबाईल नम्बर पर व्हाट्सएप करें । महेन्द्र कोचर ने बताया कि इसका प्रचार छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत के जैन समाज में किया जावेगा । ताकि परमात्मा के सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में नवकार जाप से छत्तीसगढ़ व पूरे देश में अहिंसा परमो धर्म , सुख समृद्धि व भाईचारा बनाए रखने की शक्ति जनमानस को प्राप्त हो ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26